● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 324, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 12 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





आंध्र में सबसे अच्छी नीति लाने का प्रयास: नायडू 5

तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ सकते हैं रोहित 6

## माँ नर्मदा के जल से सिंचित होगी बड़वानी जिले की कृषि भूमि : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने सेंधवा और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजनाओं का किया भूमि-पूजन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हर खेत को पानी और हर हाथ को रोजगार दिलाना हमारा संकल्प है। पारस के स्पर्श से लोहा जिस प्रकार सोना हो जाता है, उसी प्रकार धरती को पानी मिले तो वह सोना उगलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से हम इस संकल्प को पूरा करेंगे। हम हर गांव तक और हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे। यह पानी अगर 60-70 वर्ष पहले खेतों को मिल जाता तो आज देश की दशा ही बदल जाती। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी है और निमाड़ के लोगों को माँ नर्मदा का आँचल मिला है। नर्मदा घाटी की इंदिरा सागर परियोजना और लोअर गोई परियोजना की नहरों से बड़वानी जिले में सूक्ष्म सिंचाई पहले से हो रही है। अब सेंधवा और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना से जिले के सुदूर क्षेत्रों में किसानों को अपने खेतों तक सिंचाई के लिये पर्याप्त मात्रा में माँ नर्मदा का जल उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को बड़वानी जिले की सेंधवा कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 1402.74 करोड़ रूपये की लागत वाली सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और 1088.24 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाली निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दोनों परियोजनाओं का नामकरण करते हुये कहा कि सेंधवा माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना निमाड़ के गांधी श्री रामचंद्र विट्ठल के नाम पर और निवाली माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का नाम टंटया मामा के नाकार्यक्रम में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री अंतरसिंह आर्य, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल, पूर्व मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि टंट्या मामा, भीमा नायक जैसे जनजातीय नायकों ने देश के स्वाभिमान के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। उनके नाम से अंग्रेज थर्राते थे। रेल उन्हें प्रणाम करके आगे बढ़ती थी। हम उनके बलिदान को याद करते हैं और उन्हें नमन करते हैं। हमारी सरकार ने कार्यभार ग्रहण करने के 3 महीने के अल्प समय में ही खरगोन में टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय बनाया। जनजाति भाइयों के कल्याण के लिए टंट्या मामा योजना भी चलाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की घोषणा की। साथ ही निवाली में विद्युत उप केंद्र प्रारंभ करने और विभिन्न नवीन मार्गो के निर्माण की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह बदलाव का दौर है। हम हर व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाएंगे, जन कल्याण हमारा मकसद है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 26 जनवरी तक हर पंचायत, हर वार्ड में शिविर लगाए जा रहे हैं और शासन की विभिन्न योजनाओं का जनता को लाभ दिया जा रहा है। हमारी सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। गरीब, महिला, युवा और किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति को पक्का मकान दिलाने के लिए भी संकल्पित है। जो व्यक्ति छूट गए हैं उनका दोबारा सर्वेक्षण कराया जाएगा।

## केजरीवाल ने अन्ना जैसे संत का इस्तेमाल किया: गृह मंत्री

### शाह बोले-सत्ता में आकर भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन में कहा कि दिल्ली के झुग्गीवासी झूठे वादे करने वाले अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने जा रहे हैं। 5 फरवरी दिल्ली का आपदा से मुक्ति का दिन है। इस दिन दिल्ली को करप्शन से मुक्ति मिलेगी। आप सरकार ने दिल्ली को नरक बनाने का काम किया है।

जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया। अन्ना जैसे संत पुरुष को आगे करके सत्ता में आए, उन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया कि सारे रिकॉर्ड टूट गए। दिल्ली सरकार 10 साल से डिजास्टर बनी हुई है। पूरा देश कहां से कहां पहुंच गया, लेकिन दिल्ली वाले वहीं रह गए। पंजाब के लोग कह रहे हैं कि केजरीवाल को वोट मत दो, क्योंकि वे झूठे हैं, विश्वासघाती हैं, भ्रष्ट हैं। इस सम्मेलन में राजधानी के करीब 30,000 झुग्गी बस्तियों के प्रधान ने हिस्सा लिया। शाह ने उनकी समस्याओं को सुना।

केजरीवाल ने 10 साल में कुछ नहीं किया। अगर आपसे काम नहीं हो पा रहा तो सत्ता छोड़ दो। भाजपा विकास के सारे काम कर देगी। लेकिन ये तो सत्ता छोड़ने वालों में से नहीं हैं। जेल जाकर भी इस्तीफा न देना वाला एकमात्र मुख्यमंत्री केजरीवाल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भरी सभा में कहा कि यह मोदी गारंटी है कि एक-एक झुग्गी वालों को पक्का मकान देने का काम भाजपा करेगी। हमने यह करके दिखाया है। हमने गरीब कल्याण के सारे काम 10 साल में धरातल पर किए हैं। हमने साढ़े तीन करोड़ गरीबों को घर दिया। 10 करोड़ से ज्यादा गरीबों को गैस का सिलेंडर दिया, 6 लाख गांव में 2 करोड़ 62 लाख घरों में बिजली दी, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय बनाए लेकिन उन्होंने गरीबों के घर से महंगा शौचालय अपने शीशमहल में खुद के लिए बनाया।

केजरीवाल दिल्ली के लिए आप-दा हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके लोगों को धोखा दिया है, जबकि वह खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। देश ने तरक्की की है, लेकिन दिल्ली अभी भी विकास का इंतजार कर रही है। सड़कें गड्ढों से भरी हैं, हवा प्रदूषित है, यमुना का जल प्रदूषित है। केजरीवाल ने अन्ना, पंजाब और दिल्ली के लोगों के साथ विश्वासघात किया है।

दिल्ली को आप-दा से मुक्ति दिलाना झुग्गियों की जिम्मेदारी है। हमने आपकी सभी जरूरतों की सूची बनाकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी को सौंप दी है। जैसे ही हम जीतेंगे, हम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर देंगे।

## बटेंगे तो मिलेगा उत्पीड़न, धार्मिक स्थलों को भुगतना पड़ेगा खामियाजा: सीएम योगी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को लेकर अयोध्या सज-धज कर तैयार है। तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव का उल्लास शनिवार से छलकने लगा। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह के मंच पर पहुंचे।

राम भक्तों ने जय श्री राम के उद्घोष से सीएम का स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह का शुभारंभ किया। छह साल के धावक मोहब्बत, पंजाब से दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचे। यहां



प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के मंच पर सीएम योगी ने सम्मानित किया। सीएम ने उन्हें मोबाइल गिफ्ट में दिया।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि 5 अगस्त 2020 पीएम मोदी ने इसी स्थान पर मंदिर के निर्माण की लिए पूजन किया था। सीएम ने कहा 2024 में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हर दिन लगभग 1.5 से दो लाख श्रद्धालु यहां दर्शन करते हैं। पहले यहां महज तीन-चार घंटे ही बिजली मिलती थी। राम जी की पैड़ी में सरयू का जल सड़ता रहता था। सफाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। अयोध्या के पास कोई हवाई अड्डा नहीं था।

सीएम ने कहा कि आज अयोध्या के पास अपना हवाई अड्डा है। आज सरयू जी का जल सड़ता नहीं। यहां की सड़कें त्रेतायुग का स्मरण कराती हैं। आज अयोध्या, अयोध्या होने का अहसास कराती है। आज अयोध्या सोलर से चलती है। सीएम ने कहा कि अयोध्या एक दिन में ऐसी नहीं बनी है।

## दिल्ली चुनाव को लेकर भाजपा ने जारी की दूसरी सूची

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने शनिवार रात को 29 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने कपिल मिश्रा को करावल नगर से टिकट दिया है। भाजपा ने अब तक 58 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नरेला से राज करण खत्री, तिमारपुर से सूर्य प्रकाश खत्री, मुंडका से गजेंद्र दराल, किराड़ी से बजरंग शुक्ला, सुल्तानपुर माजरा (अजा) से कर्म सिंह कर्मा, शकूर बस्ती से करनैल सिंह, त्रि नगर से तिलक राम गुप्ता, सदर बाजार से मनोज कुमार जिंदल, चांदनी चौक से सतीश जैन, मटिया महल से दीप्ति इंदौरा, बल्लीमारा से कमल बागड़ी, मोती नगर से हरीश खुराना शामिल है।

## शिवसेना यूटीबी ने कांग्रेस से किया किनारा, बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का किया एलान

**मुंबई ।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बताया कि उनकी पार्टी विभिन्न स्थानीय निकायों के चुनाव अकेले लड़ेगी। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन और महाविकास अघाड़ी गठबंधन केवल लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए था। उन्होंने आगे बताया कि गठबंधन में अलग-अलग पार्टियों के कई कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता है। यह संगठनात्मक विकास में बाधा डालता है। संजय राउत ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद एक बाद



भी इंडी गंठबंधन की बैठक नहीं हुई। पत्रकारों से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, गठबंधन में अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिलता और इससे संगठनात्मक विकास बाधित होता है। हम अपनी ताकत के दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों और पंचायतों में चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने बताया कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिए कि उन्हें अकेले चुनाव लड़ना चाहिए।

कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते पर भरोसा नहीं करते उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडी गठबंधन ने एक भी बैठक नहीं की। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, इंडी गठबंधन के लिए हम एक संयोजक तक नियुक्त नहीं कर पाए। यह अच्छा नहीं है।

## चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कस्तूरबा नगर के कोटला मुबारकपुर वार्ड से दिल्ली महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल शनिवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गईं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पटका और टोपी पहनाकर प्रियंका अग्रवाल को आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ दिल्ली का चुनाव लड़ रही है।

## दिल्ली-एनसीआर में कई इलाकों में बारिश, तापमान में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार शाम बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी। इस दौरान तेज हवा चलने से ठंड ने गलन बढ़ा दी। मौसम विभाग के मुताबिक शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में औसत 0.6 मिमी बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश नजफगढ़ केंद्र में दर्ज की गई। यहां 1.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं, आया नगर में 1.2 मिमी, पालम में एक मिमी, रिज में 0.7 मिमी और लोधी रोड़ में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 17 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पूरे दिन धूप नहीं खिली। दोपहर में ही शाम जैसा अंधेरा छा गया। पालम एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात 11:30 बजे से लेकर 2 बजे तक दृश्यता शून्य और सफदरजंग में इस दौरान दृश्यता 50 मीटर रही। इससे वाहन चालकों को अधिक समस्या का सामना करना पड़ा। रिज में सुबह सबसे ठंडी रही। यहां का न्यूनतम तापमान सबसे कम 7.8 डिग्री दर्ज किया गया।

## भारत में पैर पसार रहा चीनी वायरस

### एक हफ्ते के भीतर गुजरात में चार मामले, अब नौ महीने का बच्चा संक्रमित

**नई दिल्ली।** भारत में नए वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ने लगी है। देश में इसकी संख्या 13 तक पहुंच गई है, वहीं गुजरात में सबसे ज्यादा चार केस की पुष्टि हो चुकी है। इसमें तीन मामले राजधानी अहमदाबाद में सामने आए हैं। इसमे दो नवजात हैं, जिनकी उम्र एक साल से भी कम है। वहीं, संक्रमण का एक मामला 80 वर्षीय बुजुर्ग में भी पाया गया है। अस्थमा से पीड़ित इस मरीज का फिलहाल



एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सबसे नया केस सबरकांठा से सामने आया है, जहां एक नौ महीने के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। ये सभी मामले एक हफ्ते से भी कम समय में सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, 6 जनवरी को बच्चे को सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अहमदाबाद नगर निगम ने कहा कि बच्चे का विदेश या अन्य यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। गुजरात में एचएमपीवी का पहला मामला 6 जनवरी को दर्ज किया गया था, जब राजस्थान के दो महीने के एक बच्चे में वायरल बीमारी पाई गई थी, जिसमें बुखार, नाक बंद होना, नाक बहना और खांसी जैसे लक्षण थे।

यहां एक अस्पताल में इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चे के संक्रमण के साथ, राज्य में 6 जनवरी से अब तक एचएमपीवी के चार मामले सामने आ चुके हैं। 2001 में खोजा गया एचएमपीवी पैरामिक्सोविरिडे परिवार से संबंधित है।

## निर्माणाधीन इमारत के सातवीं मंजिल से गिरे मजदूर, दो की मौत, आठ घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। वीआईपी रोड स्थित एक कॉप्लेक्स के सातवीं मंजिल की सेंट्रिंग गिरने से 10 मजदूर दब गए। इनमें घायल 10 मजदूरों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। बाकी घायल मजदूरों का रायपुर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इसकी पुष्टि की है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। 10 घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई। बताया जाता है कि वीआईपी रोड स्थित अविनाश एलिगेंस की निर्माणाधीन रेसिडेंशियल कॉप्लेक्स की सेंट्रिंग गिरने से 10 मजदूर दब गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर मौजूद हैं। सभी राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि ढलाई के दौरान सातवीं मंजिल की सेंट्रिंग गिरने से मजदूर नीचे गिर गये।

## ज्ञानवान होने के साथ उसे आचरण में उतारना जरूरी : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ज्ञानवान होना ही पर्याप्त नहीं है, ज्ञान को आचरण में उतारना भी जरूरी है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान कवि, लेखक और राष्ट्रभक्त की स्मृति में स्थापित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दायित्व है कि वह देश, समाज, समुदाय,परिवार और वंचितों के प्रति संवेदनशील रहें। राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर हॉल में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

## अचानक जीतू पटवारी के घर पहुंच गए कृषि मंत्री शिवराज सिंह

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शनिवार का दिन चौंकाने वाला था दरअसल पटवारी 1 बजे के करीब अपने निवास पर प्रेसवार्ता करने वाले थे उसके थोड़ा पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी के साथ उनके घर पहुंच गए। शिवराज सिंह चौहान हमेशा ही कुछ नया करने के लिए जाने जाते हैं। गौरतलब है कि पटवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी जिसमें प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के कई दिग्गज मौजूद रहे, लेकिन अचानक शिवराज सिंह पहुंचे और जीतू पटवारी से मिले और गुफ्तगू करने लगे फिर क्या था सियासी गलियारों में ये चर्चा शुरू हो गई। हालांकि बाद में बताया गया कि शिवराज सिंह के बेटे की शादी होने वाली है जिसका निमंत्रण जीतू पटवारी को देने वे पहुंचे थे।

शिवराज सिंह और जीतू पटवारी के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई हालांकि चर्चा क्या हुई ये दोनों को ही पता है,लेकिन इन दोनों की मुलाकात के सियासी गलियारों में चर्चे शुरू हो गए हैं। जीतू के घर शिवराज सिंह और उनकी पत्नी साधना सिंह भी पहुंची थी। उनके साथ और पार्टी का कोई भी नहीं था। लेकिन जब शिवराज बाहर आए तो बोले कि उनके बेटे की शादी है इसलिए सभी को वे न्यौता दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि वे जीतू के घर उनको शादी में आमंत्रित करने आए थे।

## जप-तप, ध्यान की रेती सजी, पौष पूर्णिमा से पहले उमड़े कल्पवासी

**प्रयागराज।** पौष पूर्णिमा के प्रथम स्नान पर्व की डुबकी के साथ 13 जनवरी को कल्पवास आरंभ होगा, लेकिन पुण्य की कमाई के लिए संगम की रेती पर गृहस्थी जमाने के लिए देश के कोने-कोने से कल्पवासी शुक्रवार को ही उमड़ पड़े।

पांटून पुलों से लेकर चकर्ड प्लेट के मार्गों तक तिल रखने की जगह नहीं बची। इसी के साथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन के रूप में महाकुंभ गुलजार हो गया।

दो दिन बाद पौष पूर्णिमा की प्रथम डुबकी के साथ मास पर्यंत जप, तप, ध्यान का मेला आरंभ हो जाएगा। इसके लिए देश- दुनिया के हर कोने से कल्पवासी अपने पोते-पोतियों, बेटे-बहुओं के साथ निकल पड़े हैं।



शुक्रवार को अमेठी के शिवराम त्रिपाठी अपनी पत्नी सुनयना देवी के साथ पूरे साजो-सामान के साथ पहुंचे, तो गोरखरपुर से सेवानिवृत सीएमओ राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी अपनी गृहस्थी के साथ देर रात सेक्टर 18 स्थित अपने कल्वासी शिविर में लंबी मशक्कत के बाद पहुंचे।

इसी तरह जौनपुर, बलिया, देवरिया, आजमगढ़, वाराणसी, रीवा और बिलासपुर से बड़ी संख्या में कल्पवासी बांस, लकड़ी, पुआल के बीच गृहस्थी लेकर देर रात तक शिविरों में पहुंचते रहे। मेला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है और कल्पवासी अपनी गृहस्थी सजाने में जुट गए हैं। गंगा-यमुना के किनारे के स्नान घाटों से लेकर संगम की सर्कुलेटिंग एरिया में पुआल बिछाने का काम तेज कर दिया गया है, ताकि रेत पर कीचड़ न फैलने पाए और स्नानार्थियों को सर्दी से बचाया जा सके। इसी के साथ सभी 25 सेक्टरों में पांटून पुलों के प्रवेश और वापसी मार्गो के अलावा तिराहों, चौराहों पर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों को तैनात कर दिया गया है। इस ठंड में श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिए बड़ी संख्या में चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ की भी तैनाती कर दी गई है।

### तैनात किए गए 2000 जवान, 12 स्थानों पर बनाए गए मोर्चे

महाकुंभ मेले की शुरुआत होने में महज एक दिन शेष है और इसे लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके लिए शहर में 278 प्वाइंटों पर दो हजार जवान तैनात किए गए हैं। शहर क्षेत्र के सभी इंट्री प्वाइंटों समेत कुल 12 स्थानों पर मोर्चे बनाए गए हैं। इन पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से लैस जवान मुस्तैद किए गए हैं। महाकुंभ मेला क्षेत्र में आगमन करने वाले श्रद्धालु शहर में विभिन्न दिशाओं पर स्थित रूटों से होकर गुजरेंगे।

# प्राचीनकाल से ही खेलो में कुश्ती का अपना विशेष महत्व रहा है : विजयवर्गीय

## रामलीला मैदान में आयोजित दंगल प्रतियोगिता का नगरीय विकास मंत्री ने किया शुभारंभ

**सिंगरौली।** जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने रामलीला मैदान में आयोजित दंगल प्रतियोगिता का राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता के गरिमामय उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चन का अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता सीजन 6 का शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुयें मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्राचीनकाल से ही खेलो में कुस्ती का अपना विषेष स्थान रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के समय हमारे बजरंगबली, ,सुग्रीव, अंगद कुश्ती किया करते है। उन्होंने कहा कि लंका युद्ध के समय राक्षसी सेना को इन्होंने पटकपटकर मारा था। वही द्वापर में बलरामजी, भीमसेन भी कुश्ती के प्रख्यात योद्धा रहे है। उन्होंने कहा कि आज के समय पर भी हमारे देश के पहलवान ओलंम्पिक खलो में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे है।मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कुश्ती में हार जीत का हमत्व नही होता। खेल के दौरान पहलवान कैसे दावपेच लगाते है इसका महत्व होता है। उन्होने के दंगल प्रतियोगिता के आयोजको को बधाई देते हुयें कहा कि हर साल दंगल का आयोजन करे ताकि देश मे पटल पर उभरते पहलवान मिल सके। इस दौरान पूर्व विधायक राम लल्लू बैस, सुभाष बर्मा, पूर्व महापौर श्रीमती प्रेमवती खैरवार,नगर परिषद बरगवा की अध्यक्ष प्रमिला बर्मा, जिला पंचायत की उपाध्याक्ष श्रीमती अर्चना सिंह, पार्षद सीमा जयसवाल, आषीश बैस, पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता, सुन्दर शाह, संदीप चौबे, राजेन्द सिंह पाल, राजेश तिवारी,राजकुमार दुबे, सहित आयोजक मंण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

### इन पहलवानों के बीच हुआ मुकाबले

रामलीला मैदान में आयोजित दंगल प्रतियोगिता मे मौन्टी पहलवान दिल्ली बनाम चौधरी मो. वक्कार सहारनपुर के बीच हुआ । जहा विजेता मो. वक्कार रहे। वही टमाटर पहलवान सतना बनाम खड़क पहलवान के बीच हुआ। जिसमे विजेता टमाटर पहलवान रहे। वही मुन्ना टाइगर पहलवान बनाम लक्की थापा पहलवान नेपाल के बीच जबरजस्त मुक़ाबला हुआ। जिसमे विजेता लक्की थापा रहे। प्रवीण पहलवान दिल्ली बनाम अंतिम पहलवान सोनीपथ के बीच हुआ। परवीन पहलवान विजेता रहे। रूपाली पहलवान दिल्ली बनाम नूतन पहलवान पटना ने खेला।विजेता नूतन पहलवान रहे। विमल पहलवान धतुरा सिंगरौली बनाम अशोक सिंह सिंगरौली ने खेला। विजेता अशोक सिंह रहे।शिवानी पहलवान हरियाणा बनाम सीमा गाजीपुर मऊ के बीच हुआ। जिसमे विजेता सीमा रही। कमला पहलवान बनाम रिजवान गनि जम्मू कश्मीर के कडा मुक़ाबला हुआ। जिसमे विजेता रिजवान गनि रहे।अंकित पहलवान सोनीपथ बनाम मोंटी पहलवान दिल्ली ड्रॉ रहा।

लाडी बाबा अयोध्या बनाम सोनू पहलवान के बीच रहे।विजेता लाडी बाबा रहे।कात्यायनी द्विवेदी देवसर सिंगरौली बनाम नूतन पहलवान पटना ड्रॉ रहा।लकी थापा नेपाल बनाम विक्की पहलवान विजेता लकी थापा नेपाल रहे।

### दंगल प्रेमियों से भरा रहा मैदान

दोपहर 12 बजे से दंगल प्रेमियों का आना शुरू हो गया। खेल जब तक शुरू हुआ तब तक पूरा रामलीला मैदान खेल प्रेमियों से भर गया। वही नेपाल और अयोध्या के पहलवानों के कुश्ती का जौहर देखने के लिए खेल प्रेमियों का उत्साह देर शाम तक बना रहा। कुश्ती के बीच में आयोजकों को कई बार खेल प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए बैरिकेड से दूर रहने के लिए कहना पड़ा। खेल के बीच में लगातार कुश्ती प्रेमी खिलाड़ियों का हौसला अपचाई करते रहे।

दंगल की कुश्ती में आज कुल 10 प्रतियोगिताएं हुई जिनमें चार महिला पहलवानों ने भी अपने जौहर दिखाएं।

---

नौगढ़ प्रीमियर लीग के आठवें दिन का आयोजन

# युवा खुटार टीम ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया



**सिंगरौली।** नौगढ़ के मधुवन बाग स्टेडियम में स्व. रामलला बैस स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के 25 वें सत्र का आठवें दिन का खेल संपन्न हुआ जिसका पहला मुकाबला युवा खुटार और एसीसी कनई टीम के बीच खेला गया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए खुटार ने निर्धारित 10 ओवर में 168 रन बनाए जिसके जवाब में एसीसी कनई मात्र 77 रन बनाए । जिसके मैन ऑफ़ द मैच बृजबिहारी मिश्रा रहे।दूसरा मुकाबला मेढ़ौली इलेवन और सिद्धार्थ इलेवन झलरी के बीच खेला गया जिसमे मेढ़ौली ने 10 ओवर में मात्र 57 रन बनाए जिसमें जवाब मे झलरी टीम 7वे ओवर में मैच को जीता। इस मैच के मैन दिलीप रशेल रहे।

दोनों मैच के विजेताओं के बीच तीसरा मुकाबला खेला गया दोनों टीमों में सीधी रीवा महुगंज शहडोल और आजमगढ़ से खिलाड़ी शिरकत किए जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 135 रन बनाए जिसके जवाब में सिद्धार्थ इलेवन झलरी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन रवि यादव की घातक गेंदबाजी के चलते बोनस ओवर में दिलीप रशेल के आउट होने के बाद मैच हार गई ।दोनों मैच जीतकर युवा खुटार ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की, इस मैच के मैन ऑफ द मैच रघुवर मिश्रा रहे।एनपीएल आयोजन के आठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, मंडल महामंत्री किसान मोर्चा बेढ़न बालकृष्ण बैस,रीवा संभाग आईटी सेल प्रभारी किसान मोर्चा भाजपा अतीत शर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश द्विवेदी,युवा नेता नौगढ़ मुकेश पाल,नगर निगम सिंगरौली स्वच्छता विभाग से आशीष शुक्ला, वार्ड पार्षद रामगोपाल पाल,कमलचंद बैस,संजय सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

---

# देवसर अतिथि शिक्षक समन्वय समिति संघ की कार्यकारणी घोषित

**सिंगरौली।** अतिथि शिक्षक समन्वय समिति संघ ब्लॉक इकाई देवसर के ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार द्विवेदी ने ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की घोषणा की जिसमे 30 अतिथि शिक्षको को पद सौंपा जिसमे ब्लाक उपाध्यक्ष के रूप में गरुण कुमार शुक्ला,राम प्रवेश जायसवाल,श्रवण कुमार नंदा,पूजा वर्मा, कमलेश पांडे ,ब्लॉक महामंत्री आलोक तिवारी,पूनम तिवारी,ब्लॉक सचिव के रूप में कृष्ण प्रताप बैंस,प्रभात कुमार शुक्ला, छोटेलाल पटेल, सचेंद्र द्विवेदी, अंबिका जयसवाल, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रामकिशोर विश्वकर्मा,सह मीडिया प्रभारी शुभम द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला,सह कोषाध्यक्ष सूरज द्विवेदी,सोशल मीडिया प्रभारी सज्जन साहू,ब्लॉक प्रवक्ता आशुतोष शुक्ला, ब्लॉक महिला प्रमुख साहिना बानो,ब्लॉक शंकुल प्रमुख दिनेश कुमार दुबे, कार्यालय मंत्री सूर्यप्रकाश चतुर्वेदी,ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य के रूप में शंकर दयाल प्रजापति,विजय बहादुर साकेत, शशिकला प्रजापति, अनिरुद्ध शुक्ला, विनोद कुमार उपाध्याय, मनीष चतुर्वेदी,महावीर सिंह,विजय गुर्जर,पंकज शुक्ला को पदों की जवाबदारी सौंपी गई है ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि यह ब्लॉक टीम जिला अध्यक्ष सिंगरौली उमा शंकर सिंह बैंस के दिशा निर्देशन में टीम बनाई गई है जिसमे सभी क्षेत्रों को देखते हुए अतिथि शिक्षको का प्रतिनिधि सौंपा गया है,इस कार्यकारणी घोषणा में प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिंह परिहार, पीड़ी खैरवार,प्रदेश सचिव रविकांत गुप्ता, जिला अध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैंस, जिला संरक्षक लक्ष्मण सिंह,अंकित जयसवाल, छोटेलाल पटेल, सहित तमाम संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

---

# प्रधान आरक्षक सूर्यभान साकेत को स्थानांतरण आदेश पर जबलपुर हाइकोर्ट से मिला स्टे

**सिंगरौली।** जिले के कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक सूर्यभान साकेत का विगत माह पुलिस महानिरीक्ष रीवा के द्वारा मऊगंज जिले के लिए तबादला कर दिया गया था। तत्पश्यात तबादला आदेश में संशोधन कर प्रधान आरक्षक का तबादला मऊगंज से सीधी जिले के लिए कर दिया गया था। प्रधान आरक्षक के द्वारा उक्त तबादला आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की गई थीं। जिस पर उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा 8 जनवरी को पारित आदेश में मऊगंज एवं सीधी के लिए जारी स्थानांतरण आदेश पर स्टे दिया गया है। प्रधान आरक्षक अब सिंगरौली जिले में ही पदस्थ रहेंगे।यह जानकारी जैसे ही सिंगरौली जिले के आमजन को हुई सभी ने खुशी जाहिर की है।

---

# कविताओं का आनंद लेते रहे अधिकारी एवं दर्शक

## विश्व हिंदी दिवस पर एनटीपीसी विंध्याचल मे आयोजित हुई काव्य गोष्ठी

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर परियोजना के प्रथम तल सी वी रमन सभागार मे काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें अपने उद्बोधन में सभागार मे उपस्थित कविगणों को विश्व हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी । उन्होनें कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। विश्व हिंदी सम्मेलन जो हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है, जिसमें विश्व भर से हिंदी विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, भाषा विज्ञानी तथा हिंदी प्रेमी जुड़ते है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने के



उदेश्य से विश्व हिंदी सम्मेलनों की शृंखला आरंभ की गई। उन्होनें उम्मीद जताई कि यह काव्य गोष्ठी सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनो को हिंदी के प्रति रुचि पैदा करने मे सार्थक सिद्ध होगा। मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी ने अपने स्वागत सम्बोधन के जरिये कवियों का अभिनंदन किया तथा विश्व हिंदी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होनें यह भी कहा कि मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिए आंचलिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है, यह एक सराहनीय कदम है।महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीब कुमार साहा ने अपने उदबोधन मे कवियों, राजभाषा नोडल अधिकारियों एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्व हिंदी दिवस की बधाई दी। उन्होने कहा कि इस काव्य गोष्ठी का आयोजन राजभाषा हिंदी के विकास हेतु लोगों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करेगा। साथ ही महाप्रबंधक (आरएलआई) त्रिलोक सिंह ने अपने उद्बोधन मे कवियों द्वारा प्रस्तुत रचनाओं को सराहा गया एवं उनकी कला की प्रशंसा की गई।कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ प्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती पुर्णिमा चतुर्वेदी नें मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों एवं कवियों का स्वागत किया तथा विश्व हिंदी दिवस के विषय में जानकारी दी। इस आंचलिक काव्य गोष्ठी में हमारे परियोजना कर्मचारीगण एवं डीपीएस स्कूल से पधारे शिक्षकगणों नें भाग लिया तथा अपनी-अपनी 13 मनमोहक कविताएं प्रस्तुत कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया और सभी श्रोतागणों को आनंदित कर दिया।

---

# योजनाओं से वंचित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को लाभ दिलाने के लिए अभियान : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** प्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डा मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित कराना। यह तभी संभव होगा जब जन कल्याणकारी योजनाओं का पारदर्शिता एवं तत्परता



से प्रभावी क्रियान्वयन हो। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत हर्राचंदेल एवं मझिगवां.1में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को महत्वपूर्ण योजनाओं लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना,संबल योजना प्रधान मंत्री किसान सम्मान पेंशन योजनाओं सहित 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आगे आकर पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ लेने का आग्रह किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र अब आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजनारायण गुप्ता मंडल अध्यक्ष जियावन, दरपनिया यादव सरपंच हर्रा चंदेल, जोखनिया गुप्ता सरपंच मझिगवां, आरपी सिंह सीडीपीओ,राजभान बैस एसएडीओ, उजागिरलाल चतुर्वेदी बीएसी, त्रिलोकी चतुर्वेदी आर आई, बबुआराम यादव, परशुराम तिवारी, भगवानदास गुप्ता शिव प्रकाश सिंह, लाल बहादुर यादव, देवलाल, रामप्रताप सिंह एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी गणमान्यजन उपस्थित रहे।

---

# एनटीपीसी विंध्याचल के ग्राम नौगढ़ मे नि :शुल्क गुड़ एवं चना का किया गया वितरण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर के सौजन्य एवं राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान के सहयोग 11 जनवरी को ग्राम नौगढ़ की गर्भवती,धात्री महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को पोषण आहार के रूप में नि:शुल्क गुड एवं चना का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा 2350 किलोग्राम गुड़ एवं 2450 किलोग्राम चना राजमाता चुनकुमारी सेवा संस्थान को सुपुर्द किया गया। जिसे राजमाता चुनकुमारी सेवा



संस्थान द्वारा कुल 15 चिन्हित गांवों मे बांटा जाएगा।इस अवसर पर एनटीपीसी की ओर से निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर) एवं राजमाता चुन कुमारी सेवा संस्थान की टीम के सदस्य उपस्थित रहे है। ग्रामीण महिलाओं ने एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण आहार वितरण का कार्य सराहनीय है। इस पुनीत कार्य से ग्रामीण अंचलों में कुपोषण में कमी आएगी।

---

# वाणिज्यिक कर विभाग में भर्रेशाही, बिना सुविधा शुल्क नहीं मिलता जीएसटी नम्बर

## सेलटेक्स अधिकारी और बाबुओ की साँठगांठ

**सिंगरौली।** शासन- प्रशासन की तमाम नियम- कायदो और सखूती के बाद भी वाणिज्यिक कर विभाग में खुलेआम भर्रेशाही चल रही है द्य यहा लोगों को जीएसटी नम्बर लेने में भारी सुविधा शुल्क चुकानी पडती है द्य लोगों ने वाणिज्यिक कर विभाग में भर्रे शाही और मनमानी को लेकर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षन कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैढ़न में स्थित वाणिज्यिक कर विभाग में इन दिनों सहायक आयुक्त जीएसटी कार्यालय में अधिकारी और बाबुओ की भर्रेशाही व मनमानी से जीएसटी नम्बर लेने वाले आर्थिक और मानसिक रूप से काफ़ी परेशान हों जाते है द्य बताया जाता है कि जीएसटी नम्बर लेने वालों को नंबर लेने के लिए मोटी सुविधा शुल्क चुकानी पडती है द्य जब तक नम्बर के लिए सुविधा शुल्क नहीं पहुँचती तब तक बाबू लोग कोई न कोई बहाना बताकर ऑफिस का चक्कर लगवाते रहते है द्य सुविधा शुल्क अदा करने के बाद ही जीएसटी नम्बर दिया जाता है द्य बताया जाता है कि नम्बर देने के नाम पर सहायक आयुक्त मैडम और बाबुओ की मोटी कमाई का जरिया बन गया है द्य जीएसटी नम्बर लेने वालों की मज़बूरी है कि दफ़्तर का चक्कर लगाने से बेहतर बाबुओ को सुविधा शुल्क की भेट कर नम्बर लें लिया जाय।

बताया जाता है कि वाणिज्यिक कर दफ़्तर में जीएसटी कर दाताओ से किसी न किसी केस के पेंच पर भी निराकरण के नाम पर भी मोटी कमाई का धंधा खूब फल फूल रहा है द्य बताया जाता है कि केस के नाम पर भी बिना सुविधा शुल्क कोई सुनवाई नहीं होती है द्य बताया जाता है कि कई बार तो मैडम लोगों को डाट फटकार लगाकर भगा देती है, जिससे मायूस लोग बाबुओ की शरण में जाकर मुहमांगी सुविधा शुल्क देने को विवश हों जाते है द्य गौरतलब है कि सीधी और सिंगरौली जिले के व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लिए सिंगरौली जिला मुख्यालय बैढ़न में ही वाणिज्यिक कर विभाग का दफ़्तर संचालित है।

---

# चाटुकार इतिहासकारों ने देश का गौरवशाली इतिहास दबाया: विजयवर्गीय

## कहा फिर से लिखा जायेगा देश का गौरवशाली इतिहास

### जुड़वा तालाब पार्क का नामकरण महाराणा प्रताप के नाम होगा

**सिंगरौली।** प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज देश के इतिहासकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा है कि अंग्रेजो और वामपंथियों के चाटुकार इतिहासकारों ने देश के गौरवशाली इतिहास को इतिहास के पन्नों में दबा दियाद्य जिससे आज का नौजवान देश के वास्तविक गौरवशाली इतिहास से अभी भी अनजान बना हुआ है द्य



नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय आज शनिवार को दोपहर एक दिवसीय सिंगरौली जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर के समीप स्थित नवनिर्मित जुड़वा तालाब पार्क में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सभा को सम्बोधित कर रहें थेद्य नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि महाराणा प्रताप और शिवाजी जैसे वीर योद्धाओ का गौरवशाली इतिहास बहुत कम पढ़ने को मिलता है, अंग्रेजो और वामपंथियों के चाटुकार इतिहासकारों ने महाराणा प्रताप और शिवाजी जैसे वीरों की गौरवगाथा लिखने के बजाय अकबर जैसे मुगलों का गुणगान लिखा है द्य जबकि महाराणा प्रताप ने महज पांच हजार सैनिकों की सेना के साथ अकबर की पांच लाख की सेना को परास्त किया था द्य उन्होंने महाराणा प्रताप की वीरता व शौर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी ने इतिहासकारों को फिर से देश का इतिहासकारों को गौरवशाली इतिहास लिखने की अपीप की है। जिससे देश का हर एक नौजवान देश के लिए बलिदान हुए वीरों की गाथा पर गर्व महसूस कर सकेंद्य मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नगर निगम सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल और नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय से जुड़वा तालाब पार्क का नाम महाराणा प्रताप पार्क के नाम का प्रस्ताव भेजनें की भी बात कहीद्य इस मौके पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने मंत्री श्री विजयवर्गीय से कलेक्ट्रेट निर्माणाधीन न्यायालय परिसर में सुगम आवागमन हेतु भूमिगत मार्ग बनाने समेत कई मांग रखी द्य इससे पहले नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने स्वागत भाषण दियाद्य इस मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्याय कान्तदेव सिंह,सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सिड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, बीरेंद्र गोयल, पूर्व सिड़ा अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्याय श्रीमती अर्चना सिंह, कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा समेत भारी संख्या में राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, प्रशासन और आम लोग मौजूद रहें।

# योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को मिले लाभ : विश्वामित्र



**सीधी।** सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से छुटे हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराना है। यह तभी संभव होगा जब योजनाओं का पारदर्शिता एवं तत्परता से प्रभावी एवं संतुष्टिपरक क्रियान्वयन हो। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत सिहौलिया, बहरी एवं पडरिया में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक विश्वामित्र पाठक ने उपस्थित जनसमुदाय को नव वर्ष की बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के उद्देश्य की जानकारी देते हुए अभियान में सम्मिलित 45 जन कल्याणकारी योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आप लोग योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार आवेदन करें आपके आवेदन पर त्वरितए प्रभावी तथा संतुष्टिपूर्ण निराकरण होगा। शिविर में निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण यहीं पर कराकर आपको हितलाभ दिया जाएगा। शेष आवेदनों का निराकरण 26 जनवरी 2025 के पूर्व कराकर आपको योजना से लाभान्वित एवं सूचित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसपी मिश्रा एसडीएम सिहावल, पुष्पेंद्र पाण्डेय मंडल अध्यक्ष बहरी, सीपी त्रिपाठी तहसीलदार, रवि प्रकाश मिश्रा प्रभारी सीईओ, राकेश सिंह बैस टीआई बहरी, श्रीमती अनुसुइया वाजपेई सीडीपीओ, विनायक गौतम रेंज ऑफिसर, अखिलेश त्रिपाठी एनआरएलएम, अशोक शुक्ला, पुनीत पाण्डेय, श्रीमती सावित्री जायसवाल सरपंच सिंहौलिया, अनुज शाहू सरपंच बहरी, श्याम लाल कोल सरपंच पडरिया, संपूरण सिंह जनपद सदस्य, कपूरचंद शाहू, अरुण द्विवेदी सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी हितग्राही बंधु, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# रोजगार मेले में 114 आवेदकों का हुआ चयन

सीधी



विकासखण्ड प्रबंधक म.प्र. डे.रा. ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि शनिवार दिनांक 11.01.2025 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज जिला पंचायत सीधी के निर्देशानुसार जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी, जिला प्रबंधक स्किल देवेश मिश्रा के दिशा-निर्देशन में जनपद सभागार सीधी में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में एजाइल सिक्योरिटी फोर्स प्रा. लि. कम्पनी के मापदण्डों के आधार पर युवकों का रोजगार के अवसर प्रदान किया गया है। जिसमें पद-सुरक्षा जवान, में शैक्षणिक योग्यता-10 वीं, उम्र 18 से 37 वर्ष, ऊंचाई 165 से.मी. रखा गया। पद- सुरक्षा सुपरवाईजर के लिये स्नातक, एनसीसी, उम्र 25 से 37 वर्ष, ऊंचाई 172 से.मी., निर्धारित किया गया। पद-एन.सी.ओ. स्नातक एक्सपीरियंस, उम्र 30 से 37 वर्ष, ऊँचाई 170 से.मी. एवं हाउस कीपिंग (वेटर) 8 वीं, उम्र 18 से 37 वर्ष निर्धारित किया गया है। आयोजित रोजगार मेला में 152 बेरोजगार युवकों का पंजीयन हुआ। 114 आवेदको का चयन किया गया है। रोजगार मेला में एजाइल सिक्योरिटी फोर्स प्रा. लि. कम्पनी के आशीष अरजरिया एवं कुलदीप सोनतिया सहायक सुरक्षा अधिकारी द्वारा उपस्थित युवकों का निर्धारित मापदण्डों के आधार पर सलेक्शन किया गया। आयोजित मेला में विकासखण्ड प्रबंधक अशोक पाण्डेय रोजगार मेला प्रभारी रणजीत सिंह सहायक विकासखंड प्रबन्धक मनोज मिश्रा, प्रशांत सिंह, अनामिका मिश्रा, अमरनाथ यादव एवं आरसेटी रेनू सिंह उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय का नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी का प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ।

नगर पालिका सीमा में प्रवेश करते ही लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने शानदार स्वागत किया। उसके पश्चात दर्जनों वाहन काफिले के साथ कैबिनेट मंत्री श्री विजयवर्गीय स्थानीय सर्किट हाउस पहुंचकर कार्यकर्ताओं से संक्षिप्त मुलाकात की, जहां पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी का माल्यार्पण एवं पुष्प कुछ से अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री श्री विजयवर्गीय सिंगरौली प्रवास जाते हुए बीच में सीधी के कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष के के तिवारी, बृज बिहारी लाल शर्मा, लाल चंद्र गुप्त, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**सीधी।** युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2025 को सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जावेगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर मा.वि. क्रमांक 1 सीधी के मैदान में सम्पन्न कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रात: 8.30 से 9 बजे के मध्य छात्रों एवं अन्य अतिथियों का एकत्रीकरण होगा जिसमें छात्रों एवं अन्य अतिथियों को अपने निर्धारित स्थलों पर बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इसके पश्चात अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जायेगा। साथ ही माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया जायेगा। तद्पश्चात 9.25 से 9.30 तक अतिथिगणों का उद्बोधन पश्चात 9.30 मिनट से 10.15 मिनट के मध्य राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का गायन स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री जी का संदेश, सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा 10.15 से 10.30 बजे तक आभार एवं कार्यक्रम समापन किया जायेगा।

# पंच दिवसीय भारत स्काउट गाइड का द्वितीय एवं तृतीय सोपान शिविर आयोजित



**सीधी।** भारत स्काउट एवं गाइड का द्वितीय एवं तृतीय सोपान जांच शिविर 9 जनवरी से 13 जनवरी तक उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा के मार्गदर्शन एवं भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट डॉक्टर प्रेमलाल मिश्रा के निर्देशन में आयोजित है। शिविर संचालक काउंसलर डॉक्टर शास्त्री प्रसाद मिश्रा है।

जांच शिविर में मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षक एवं सचिव हरिशंकर पाण्डेय, प्रशिक्षण आयुक्त छात्रमणि पाण्डेय, संयुक्त सचिव शशि गौतम, प्रशिक्षक ए पी सिंह, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं सूरज पनिका छात्रों का परीक्षण कर रहे हैं। शिविर में प्रमुख रूप से ज्योत्सना विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, आचार्या स्कूल, गांधी विद्यालय, अबोध विद्यालय, गणेश विद्यालय, क्राइस्ट ज्योति विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, क्रमांक 2 सीधी, मॉडल स्कूल, शासकीय विद्यालय गजरी और फुलवारी के 140 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक मोहम्मद मामून अंसारी, माखन मिश्रा, रोशन लाल जायसवाल, कंचन सिंह, वीरेंद्र खरे, उर्मिला सिंह, सुनीता विश्वकर्मा और श्रीवती गोस्वामी शिविर के संचालन में सहयोगिता दर्ज कर रहे हैं। शिविर पूर्णत: आवासीय होने के कारण छात्रों के व्यक्तित्व विकास और कला कौशल निखारने में प्रभावी है। प्रात: काल 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक विभिन्न प्रकार की छात्र उपयोगी गतिविधियां आयोजित होती हैं। तृतीय सोपान में उत्तीर्ण करने के पश्चात स्काउट एवं गाइड राज्यपाल पुरस्कार के लिए चिन्हित होंगे। शिविर में राज्य उपाध्यक्ष डॉ अजय मिश्रा , जिला अध्यक्ष सुरेंद्रमणि दुबे, जिला आयुक्त गाइड डॉक्टर श्वेता सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम सिंह, एक्सीलेंस प्राचार्य एवं हेड क्वार्टर कमिश्नर शंभू नाथ त्रिपाठी समय-समय पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई कर रहे हैं।

# सयुक्त मार्चा आज उत्कृष्ट विद्यालय में करेगा बैठक

**सीधी।** म0प्र0 अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक निलेश सर्मा उपेन्द्र सिंह, राकेश जायसवाल, आर.एस.गौतम, एवं के.एस.नेताम के निर्देशन में तथा प्रान्तीय निकाय के आह्वान पर म0प्र0 अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मार्चा महासंघ जिला इकाई सीधी के द्वारा दिनांक 16 जनवरी को ज्ञापन सौपने की तैयारी एवं कार्यवाही हेतु चर्चा परिचर्चा रूपरेखा तैयार करने एवं सभी 20 मान्यता प्राप्त एवं 33 गैरमान्यता प्राप्त संगठनो के जिला अध्यक्षो का परिचय सम्मेलन बैठक शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक 1 सीधी के कमरा नम्बर 08 में आज दिनांक 12 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित किया गया है। बैठक में नन्दकुमार मिश्रा, श्रीराम सोनी, विनय कुमार मिश्रा, राजबहोर पाठक, दयाशंकरमणि त्रिपाठी, श्रवण कुमार मिश्रा, सुनील सिंह, विनोद पटेल, गंगा सिंह, प्रशान्त जायसवाल, मंगला प्रसाद द्विवेदी, त्रिवेणी प्रसाद कोल, शान्ती बंसल, श्यामसुन्दर शर्मा, शिवेन्द्र सिंह, कौशलेस सिंह अजय सिंह (म?वा), पदमेश सिंह परिहार, चन्द्रशेखर शुक्ला, अशोक चतुर्वेदी, (कृषि) आकांक्षा सेन (परिवाद), आरके तिवारी, (सरदा) शशिभूषण तिवारी (भरतपुर), उमाशर्मा (तबला), चन्देश्वरी तिवारी, (प्रान्ताध्यक्ष) विष्णुमणि पयासी, अभयशंकर मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, पवन सिंह, (बी.ई.ओ. रामपुर नैकिन) अवधशरण पाण्डेय (प्राचार्य), प्रकाश पाण्डेय (स्वास्थ्य), भुवनेश्वर त्रिपाठी, (उद्योग) शिवबहादुर सिंह, (भू-अभिलेख), सतेन्द्र वर्मा, राजेश पटेल (सिहावल), रामकुमार पनिका, (कलेक्ट्रेट) सतेन्द्र मिश्रा, (नाजिर), भूपेन्द्र सिंह, (रामपुर नैकिन), रामनाथ शुक्ला (चुरहट), ममतारानी राय, (कोषालय), महेन्द्र सिंह, पंकज मिश्रा, सुरेश बघेल, (पिपरोहर) सतेन्द्र पाण्डेय (बेल्दह), अनिल मिश्रा (करवाही), पंचराज सिंह (गाड़ा), सुभाष पटेल (सीएमराइज), रामवती तिवारी (स्टाप नर्स रामपुर नैकिन), सीताराम जायसवाल (स्थाईकर्मी) अंगिरा द्विवेदी (बी.ए.सी.कुसमी), रविशंकर पाण्डेय (मुख्य लिपिक), श्रीमती लीलावती शुक्ला (रामपुर), अशोक पाण्डेय (चुरहट), श्रीमती किरण शुक्ला (से.नि.), अरूण प्रताप सिंह, अजय सिंह "मन्टू", मुन्नालाल वर्मा (आडीटर), सचिन शुक्ला (तितिरा), राजकुमार पाठक (तरका), महेन्द्र शुक्ला (अध्यक्ष प्राचार्य), शिल्पी शुक्ला, इन्द्रसेन त्रिपाठी, (बी.इ.ओ.), श्यामसुन्दर तिवारी (बहरी), लक्ष्मीकान्त शुक्ला (न.पा.) कुमारी अंजली तिवारी, शिवराज सिंह चौहान (अमरवाह), सुरेश कुमार पाण्डेय (तिवरिगवॉ), गौरव साकेत, (अमिलिया), अजय श्रीवास्तव, भगवानदीन कोल, महिपति प्रजापति (कुसमी), श्रीमती संध्या मिश्रा, सरस्वती तिवारी, राजपति कोल (वन), राकेश सिंह (पथरौला), बलभद्र सिंह, नोखेलाल तिवारी, (अतिथि), रविशंकर (पटवारी), सुखेन्द्र सिंह (अध्यक्ष), संजीव तिवारी सचिव, श्रीमती भक्ति सिंह आदि के द्वारा सीधी जिले के सभी मान्यता प्राप्त संगठन के पदाधिकारी एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठन के पदाधिकारी से उपरोक्त निर्धारित स्थान एवं तिथि को बैठक में उपस्थित होने संबंधी अनुरोध किया गया है।

# लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय स्टॉफ की संविदा आधार पर भर्ती

**सीधी।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी ने जानकारी देकर बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में 01 पद कार्यालय सहायक/क्लर्क, 01 पद रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं 01 पद कार्यालय भृत्य के लिए संविदा आधार पर 01 वर्ष नियुक्ति हेतु आवदेन पत्र दिनांक 10.02.2025 सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी में आमंत्रित किये गये है। उक्त विज्ञप्ति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के सूचना पटल पर चस्पा है एवं जिला न्यायालय सीधी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी से संपर्क करें।

# जिले में चाईनीज मांजे के क्रय-विक्रय एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया

## अपर जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

सीधी

अपर जिला दण्डाधिकारी अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर जिला सीधी की सम्पूर्ण राजस्व सीमा के भीतर पतंगबाजी में उपयोग होने वाले चाईनीज (धारदार) मांजे के क्रय-विक्रय एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय सहित 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

उन्होंने बताया कि माह जनवरी- फरवरी एवं मकर संक्रान्ति के पर्व पर लोक मान्यता एवं परम्परानुसार वृहद रूप में पतंगोत्सव का आयोजन होता है तथा व्यक्तिगत रूप से घर-घर पतंग उड़ाई जाती है। पतंग उड़ने में प्रयोग में लाये जाने वाला चाईनीज मांजा अत्यंत धारदार होता है, जिससे आम जनमानस को गंभीर शारीरिक क्षति पहुँचती है। इस प्रकार की सूचना समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होती रहती है। पतंगबाजी में उपयोग होने वाला चाईनीज मांजा अत्यन्त धारदार होकर धातक है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार की दुखद घटना से बचाव हेतु चाईनीज (धारदार) मांजे की रोकथाम हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है।

# जटायु सतमार्ग और रावण कुमार्ग के पोषक हैं : बाला व्यंकटेश



**सीधी।** श्रीकृष्ण रसामृत समिति एवं सीधी के श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से चलने वाली संगीतमय श्रीराम कथा के पूर्णाहुति दिवस में व्यास पीठ की पूजा तथा कथा प्रवक्ता वृन्दावनोपासक पं बालाव्यंकटेश शास्त्री जी का माल्यार्पण से स्वागत वन्दन हुआ। समिति के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बोरा, अध्यक्ष कुमुदिनी सिंह, निर्देशक लालमणि सिंह, सचिव डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस, कवि अंजनी सिंह सौरभ, राजेन्द्र सिंह भदौरिया, केपी श्रीवास्तव बरिष्ठ पत्रकार, अशोक अकेला पत्रकार, श्रीमती माधुरी सिंह,आभा शुक्ला आदि ने व्यास बालाव्यंकटेश जी का माल्यार्पण से स्वागत किये। 3जनवरी से लेकर 11जनवरी तक की नौ दिवसीय रामकथा के पूर्णाहुति दिवस की कथा को आयाम देते हुए कथा व्यास जी ने कहा कि माया मृग मारीच को आते राम जी और लखन जी ने भी देखा किन्तु माँ जानकी बार बार देखती थी। यहाँ इस रहस्य का का प्रमुख कारण यह है कि सीता जी को जगत जननी की उपाधि मृग मारीच के प्रसंग से ही मिली है। उसी प्रकार जैसे अहिल्या उद्धार के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम राम को पतित पावन की उपाधि मिली थी। आगे व्यास जी ने बताया कि जटायु सतमार्ग थे और रावण कुमार्ग में इसलिए अपनी चोंच मार के क्षण भरके लिए घायल कर दिया इतना ही नही त्रैलोक्य के ज्ञाता श्री राम आज एक सामान्य मानव की तरह यह कहकर विलाप कर रहे हैं कि हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृगनयनी। सीताहरण के कारुणिक प्रसंग को आरेखित करते हुए महराज जी ने कहा कि जटायु की संवेदना इतनी अधिक थी कि उन्होने कहा कि मेरी आख के सामने रावण मेरी बेटी को हरण करके लेगया।मैं देखता रहा अचल होगया किन्तु छुड़ा नही पाया। राम जी ने यह वरदान दिया कि ऐ जटायु तेरे प्राण मेरी गोद में छूटेगा। यह सौभाग्य जटायु को परोपकार के कारण मिला है। आशय यह कि धर्म के पथ पर अग्रसर होने वाला ही धर्मात्मा है। आगे प्रसंग में श्रीराम कथा की प्रासंगिकता को उद्घाटित करते हुए कथा प्रबाचक बालाव्यंकटेश महराज जी ने कहा कि हमारे साथ में रघुनाथ हमें किस बात की चिन्ता। सबरी प्रसंग मे व्यास जी ने कहा कि मॉता सबरी प्रतीक्षा के घाट पर बैठी हुई हैं इसलिए राम को सबरी के घर जाना पड़ा है।

कथा में श्रद्धालु भक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा और पंडाल सहित बैठक व्यबस्था ओछी पड़ गई किन्तु समिति की सजगता के कारण आरती एवं ब्यासपीठ की पूर्णाहुति शालीन व्यवस्था के साथ सम्पन्न हुई। कथा में आज अजयप्रताप सिंह बघेल, डॉ लहरी सिंह, शैलेन्द्र सिंह पूर्व सीएमओ आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,
शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर-7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com , website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2024/104 सीधी दिनांक 06-01-2025

-: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासकी भवनों में विद्युत एवं नल फिटिंग सामग्री के लिये शासकीय कार्यो हेतु वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

इस निविदा के लिये दिनांक 14.01.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 24.01.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 25.01.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

जी-21519/24

## संपादकीय

# सुस्ती की दस्तक

नैशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी ग्रोथ के 6.4 प्रतिशत रहने की बात कही गई है, जो अच्छी खबर नहीं है। यह आरबीआई के 6.6 प्रतिशत के अनुमान और वित्त वर्ष 2024 की 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ से काफी कम है। इस डेटा के आने के बाद आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव सरकार की ओर से बढ़ सकता है। दूसरी ओर, 1 फरवरी को आने वाले बजट पर भी निगाहें होंगी कि सरकार इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए क्या कदम उठाती है। एनएसओ का मानना है कि मैन्युफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर बुरा असर पड़ने जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से नवंबर के बीच कैपिटल एक्सपेंडिचर में 12.3 प्रतिशत की सालाना गिरावट आई। लोकसभा चुनाव और फिर भारी बारिश की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर खर्च नहीं कर पाई, जिससे इकॉनमी पर दबाव बना। वित्त वर्ष के बचे हुए महीनों में इसमें तेजी आने की आशा है, जिससे अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है। एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। वहीं, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से रूरल डिमांड में रिकवरी हुई है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग कमजोर है। देखना होगा कि अर्बन डिमांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या उपाय करती है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज बनाए रखने के लिए सरकार को डिमांड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसका एक विकल्प हो सकता है कि सरकार टैक्स में रियायत दे ताकि लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचे। जब लोग यह पैसा खर्च करेंगे तो इकॉनमी को सपोर्ट मिलेगा। अगर फरवरी की बैठक में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करता है तो उससे भी शहरी उपभोक्ता वर्ग को कम ईएमआई के रूप में राहत मिलेगी।

**महिलाओं की मर्यादा और सशक्तिकरण की पैरवी करने वाले नेता चुनाव आते ही सब कुछ भूल जाते हैं। नेता महिलाओं को चुनाव के दौरान हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से बाज नहीं आते। महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करने में किसी भी दल के नेता पीछे नहीं हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दल अपने नेताओं का व्यक्तिगत बयान कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में यदि नेता को लगता है कि ज्यादा विवाद हो गया है और इससे विशेषकर महिला वोटों का नुकसान हो सकता है तो बेशर्मी के साथ माफी मांग ली जाती है। ऐसे भी नेताओं की कमी नहीं है जिन्हें महिलाओं के प्रति ओछी टिप्पणी करने पर किसी तरह आत्मग्लानि नहीं होती, उल्टे वे रावण की तरह अहंकारी बन कर माफी मानने से साफ इंकार कर देते हैं।**

# चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना क्यों बनाया जाता है?

**(योगेंद्र योगी)**

सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है।

महिलाओं की मर्यादा और सशक्तिकरण की पैरवी करने वाले नेता चुनाव आते ही सब कुछ भूल जाते हैं। नेता महिलाओं को चुनाव के दौरान हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से बाज नहीं आते। महिलाओं के लिए अमर्यादित भाषा का उपयोग करने में किसी भी दल के नेता पीछे नहीं हैं। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दल अपने नेताओं का व्यक्तिगत बयान कह कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसे में यदि नेता को लगता है कि ज्यादा विवाद हो गया है और इससे विशेषकर महिला वोटों का नुकसान हो सकता है तो बेशर्मी के साथ माफी मांग ली जाती है। ऐसे भी नेताओं की कमी नहीं है जिन्हें महिलाओं के प्रति ओछी टिप्पणी करने पर किसी तरह आत्मग्लानि नहीं होती, उल्टे वे रावण की तरह अहंकारी बन कर माफी मानने से साफ इंकार कर देते हैं।

महिलाओं के प्रति किए गए अपमान की इस फेहरिस्त में एक ओर नेता का नाम जुड़ गया है। भाजपा के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधुड़ी ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद वह क्षेत्र की सड़कों को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के 'गाल' जैसी बना देंगे। हालांकि, बाद में उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा यदि उनकी टिप्पणियों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह खेद प्रकट करते हैं। प्रियंका गांधी पर की गई भद्दी टिप्पणी पर भाजपा के मौन साधने से विधूड़ी के हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद दिल्ली के रोहणी में एक चुनावी रैली में मुख्यमंत्री आतिशी पर निजी हमला करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी जो कि मारलेना थीं, अब वह



सिंह बन गई हैं। यहां तक कि उन्होंने अपने पिता को बदल दिया। बिधूड़ी ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी के चरित्र को दर्शाता है। बिधूड़ी के कथित बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा, भाजपा महिला विरोधी है, यह एक खुला रहस्य है और यह चिंता का विषय है कि यही भाजपा दिल्ली की कानून व्यवस्था की प्रभारी है।

सार्वजनिक जीवन में महिलाएं पहनावे, वजन, रूप रंग या बर्ताव को लेकर भी अक्सर और महिला राजनेता पुरुष नेताओं के हाथों अश्लील, अभद्र और तौहीन भरी टिप्पणओं की शिकार होती रही हैं। चुनावी रैलियों में अक्सर राजनीतिक बयानबाज़ी में महिलाओं को निशाना बनाया जाता रहा है। वर्ष 2012 में नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैली में कांग्रेस नेता शशि थरूर की पत्नी सुनंदा थरूर के बारे में कहा था कि वाह क्या गर्लफ्रेंड है। आपने कभी देखी है 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड। इस पर पलटवार करते हुए शशि थरूर ने जवाब दिया था कि मोदी जी मेरी पत्नी 50 करोड़ की नहीं बल्कि अनमोल है, लेकिन आप को यह समझ में नहीं आएगा क्योंकि आप किसी के प्यार के लायक नहीं हैं। वर्ष 2012 दिसंबर में दिल्ली में निर्भया गैंगरेप के बाद पश्चिम बंगाल के जांगीपुर से कांग्रेस सांसद अभिजीत मुखर्जी ने इस मुद्दे पर कहा था कि विरोध में प्रदर्शनों में हिस्सा ले रही छात्राएं सजी-संवरी महिलाएं हैं, जिन्हें असलियत के बारे में कुछ नहीं पता। मुखर्जी ने कहा कि ये सजी संवरी महिलाएं पहले डिस्कोथेक में गईं और फिर इस गैंगरेप के खिलाफ़ विरोध दिखाने इंडिया गेट पर पहुंची। हालांकि इसके बाद सांसद मुखर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफ़ी मांग ली थी। वर्ष 2018 में जया बच्चन को समाजवादी पार्टी की ओर से राज्य सभा में फिर से नामांकित किया गया तो भाजपा नरेश अग्रवाल ने जया बच्चन को फिल्मों में नाचने वाली बताया। इसी तरह वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में आधार पर बयान के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी की हंसी पर मुस्कुराते हुए कहा था कि सभापति जी रेणुका जी को आप कुछ मत कहिए रामायण सीरियल के बाद ऐसी हंसी सुनने का आज सौभाग्य मिला है। बाद में केंद्र सरकार में राज्यमंत्री किरण रिजीजू ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो शेयर कर रेणुका चौधरी की हंसी की तुलना रामायण के किरदार शूर्पणखा से कर डाली। इसके बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने रामायण में शूर्पणखा की नाक काटे जाने का दृश्य भी ट्विटर पर शेयर किया। वर्ष 2018 में राजस्थान में चुनावी सभा में जनता दल (यू) के नेता शरद यादव ने तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर दी। यादव ने कहा कि इन्हें आराम दो, बहुत थक गई हैं। बहुत मोटी हो गई है, पहले पतली थी। इस पर वसंधुरा राजे ने कड़ा एतराज़ जताते हुए कहा कि वे इस बयान से अपमानित महसूस कर रही हैं।

जद नेता शरद यादव की कमान से महिलाओं के प्रति फूहड़ अंदाज का ऐसा तीर पहली बार नहीं निकला। जून 1997 में संसद में महिला आरक्षण बिल पर बहस में यादव ने कहा था कि इस बिल से सिर्फ़ परकटी औरतों को फ़ायदा पहुंचेगा। परकटी शहरी महिलाएँ हमारी (ग्रामीण महिलाओं) का प्रतिनिधित्व कैसे करेंगी। गौरतलब है कि शरद यादव को सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवॉर्ड मिल चुका है। महिलाओं पर विवादित बयानों की ये फ़ेहरिस्त लंबी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादवन ने निर्भया बलात्कार कांड के बाद बयान दिया था कि लड़कों से ग़लती हो जाती है और इसके लिए उन्हें मौत की सज़ा नहीं देना चाहिए। इस काफी बवाल हुआ था। महिलाओं के प्रति अपमानजनक बोल बोलने के मामलों में सर्वाधिक आश्चर्य तो महिला आयोगों की भूमिका पर होता। महिला आयोग चाहे राज्य स्तर के हो या राष्ट्रीय स्तर के, सभी चुप्पी साधे रहते हैं। इन्हें महिलाओं के अपमान, दुर्व्यवहार की कोई चिंता नहीं हैं। चुंकि आयोगों में पदाधिकारियों की नियुक्यिां सत्तारुढ़ राजनीतिक दलों की ओर से की जाती है, ऐसे में आयोग सत्तारुढ़ दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं जुटा पाते। देश के मतदाताओं को महिलाओं की बेइज्जती करने वाले नेताओं को सबक सिखाना चाहिए ताकि दूसरे नेता भी इससे सीख ले सकें कि निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए महिलाओं के सम्मान से समझौता करने वाला का हश्र क्या होता है।

# बच्चों को सीने से लगा कहें - टेंशन न ले

**स्कूल टीचर्स ही क्यों बच्चों के माता-पिता भी अलग टेंशन में आ जाते हैं। बच्चे का पहला बोर्ड एग्जाम न हो जैसे उनका अपना एग्जाम हो। वे तो आठवीं से ही बच्चे को तैयार करने लगे थे - देखो बेटे, दो साल बाद बोर्ड एग्जाम देना है। तो अभी से तुम्हें अपने दिमाग में बात बैठा लेनी है। अभी से एग्जाम की तैयारी शुरू कर दो। तुम कहो तो तुम्हें अभी ही कोचिंग क्लास में डाले देते हैं। जैसा दसवीं के बोर्ड में होता है उससे कहीं बुरा बारहवीं के बोर्ड में होता है। अब टीचर्स को कहते सुनते हैं।**

**(सुंदरचंद ठाकुर)**

जनवरी का महीना शुरू होते ही स्कूलों के बच्चों में सहज ही एंजाइटी शुरू हो जाती है। बोर्ड की परीक्षाएं सिर पर आ जाती हैं। दसवीं के बोर्ड। बारहवीं के बोर्ड। जिनका दसवीं का बोर्ड होता है वे पहली बार बोर्ड की परीक्षा दे रहे होते हैं। पहली बार की अपनी अलग एंजाइटी होती है। आप कितना भी कहो कि कोई बात नहीं, जस्ट रिलैक्स। वे रिलैक्स नहीं होने वाले। यह अलग बात है कि कोई बात नहीं, रिलैक्स बोलने वाले लोग बहुत कम मिलते हैं उन्हें। स्कूल के टीचर्स को अपने स्कूल के परफॉर्मेंस और अपने खुद के परफॉर्मेंस की चिंता होती है। वे कहते पाए जाते हैं- ये मजाक नहीं है, बोर्ड एग्जाम हैं बोर्ड एग्जाम। यही तुम्हारे भाग्य की फाउंडेशन डालते हैं। जो नंबर आते हैं वे जिंदगी भर के नंबर होते हैं। हमेशा वही बताने पड़ते हैं।

स्कूल टीचर्स ही क्यों बच्चों के माता-पिता भी अलग टेंशन में आ जाते हैं। बच्चे का पहला बोर्ड एग्जाम न हो जैसे उनका अपना एग्जाम हो। वे तो आठवीं से ही बच्चे को तैयार करने लगे थे- देखो बेटे, दो साल बाद बोर्ड एग्जाम देना है। तो अभी से तुम्हें अपने दिमाग में बात बैठा लेनी है। अभी से एग्जाम की तैयारी शुरू कर दो। तुम कहो तो तुम्हें अभी ही कोचिंग क्लास में डाले देते हैं। जैसा दसवीं के बोर्ड में होता है उससे कहीं बुरा बारहवीं के बोर्ड में होता है। अब टीचर्स को कहते सुनते हैं- असली बोर्ड एग्जाम तो यही है। दसवीं की कोई वैल्यू नहीं। कंपनियां नौकरी देने के लिए बारहवीं का ही रीजल्ट पूछती हैं। घर वाले भी कोई कसर नहीं छोड़ते- बेटा एक बार लगाना है जोर। पूरा जोर लगा दे। थोड़ा कम सोएगा, तो कोई बात नहीं। थोड़ा कम खेलेगा तो कोई बात नहीं। एक-एक नंबर से कटऑफ लिस्ट में नाम आने से रह जाता है।

इसलिए कोई हैरानी की बात नहीं कि इस सीजन में बच्चों की आत्महत्या करने की खबरें आनी शुरू हो जाती हैं। और मरने वाला



बच्चा अपने प्यारे टीचर्स और माता-पिता को 'सॉरी' लिखकर चला जाता है। इस सॉरी का मतलब कोई ठीक से समझ नहीं पाता। हां, इसका यह मतलब तो है ही कि माफ करना मैं आप लोगों की उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया लेकिन इसका यह भी मतलब है कि आपकी जिस दुनिया में रहने के लिए इतनी सारी एंजाइटी झेलते ही रहनी है, तो मुझे यह दुनिया नहीं चाहिए। मैं दूसरी दुनिया में जा रहा हूं जहां थोड़ा तो सुकून जरूर मिलेगा।

जिस सुकून की बच्चे दूसरी दुनिया की ओर कूच कर जाते हैं, क्या टीचर्स और माता-पिता वो सुकून उन्हें यहां नहीं दे सकते? क्यों नहीं दे सकते। वे दे सकते हैं बशर्ते कि वे जीवन का अर्थ जान लें और जिंदगी की कीमत को पैसे और नाम से ही न मापें। जिंदगी जीवन की अभिव्यक्ति है। और वह कैसे होनी है यह ब्रह्मांड ने खुद तय करके सबके प्रोग्राम में सेट किया हुआ है। पर हम ब्रह्मांड के प्रोग्राम की जगह अपने डर से पैदा हुए फैसले बच्चों पर आरोपित करते हैं।

ब्रह्मांड ने एक सिंगर, एक डांसर, एक कवि, लेखक, पेंटर, एक दार्शनिक, एक अभिनेता, एक टीचर बनने का प्रोग्राम सेट किया है हुआ है और हम उन्हें कंप्यूटर इंजीनियर,-ढ्ढ एक्सपर्ट बनाने पर तुले हैं क्योंकि हमें लगता है कि वहीं पैसा है, वहीं नौकरियां हैं। माता-पिता बच्चों को अपनी अधूरी ख्वाहिशें पूरा करने वाली मशीनें बना देना चाहते हैं। अगर वे वाकई उन्हें अपनी संतान मानते हैं और उन्हें इस दुनिया में लाने की जिम्मेदारी लेते हैं, तो उनका काम है उन्हें गले लगाना। गले लगाकर कहना ङ्क एग्जाम की चिंता मत कर बेटे। कोई टेंशन न ले। मेहनत कर लेकिन चिंता मत कर। पढ़ाई कर पर टेंशन न ले। याद रख कि जिंदगी का इम्तहान ज्यादा बड़ा है और उस इम्तहान में हम तेरे साथ हैं। तू बस टेंशन फ्री होकर एग्जाम दे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5610



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इस क्रांतिकारी को भगतसिंह के साथ फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
4. पृथ्वी के ऊपर की सतह (3)
6. कथन, दो या अधिक व्यक्तियों के बीच वार्तालाप (4)
8. अपना मतलब निकालने वाला, कुशल, चालाक (3)
9. किसी नगर या कस्बे में पहुंचने का प्रवेश स्थल (2)
10. किसी बड़े स्थान को घेरने के लिए लगया गया तंबू (4)
11. तलाश करने के किया जाने वाला प्रयत (3)
13. बेटी के बेटे को यह कहते है (2)
15. शिकस्त, पराजय, माता का अपभ्रंश (2)
16. धूल आदि साफ करने के लिए उपयुक्त होने वाली वस्तु (3)
17. बुलावा, उपस्थित होने के लिए जोर से बुलावा (3)
18. स्त्री जाति का प्राणी (2)
19. सख्त होने का भाव (2)
20. आसान, सरल, सामान्य, साधारण (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
2. उद्गार, धूल, गर्द (3)
3. ऋतु का अपभ्रंश (2)
4. बीता हुआ, अतीत, पिशाच, प्रेत (2)
5. छोटी लता को यह कहा जाता है (3)
7. मुख्यमंत्री (अंग्रेजी)(6)
9. सनिश्चय नहीं, बिल्कुल नहीं (3)
12. पद प्रहार, ठोकर, पदाघात (2)
14. तीर से लक्ष्य को भेद करने वाला (4)
16. यह सेनेगल देश की राजधानी है, उर्ध्ववायु (3)
18. तीस दिनों का समय, मास (2)

**वर्ग पहेली 5609 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | छ | भ | भा | ई | प | टे | ल |
| सी | | न | न | | ह | ल | क |
| व | म | क | | को | ला | र | |
| त | ला | | श | शि | | | आ |
| ना | या | ब | | श | ह | ना | ई |
| मा | | द | म | | म | ना | ना |
| | आ | ल | म | आ | रा | | |
| जा | ग | ना | | न | ज | रा | ना |

# एचएमपीवी को लेकर कोविड जैसी चिंता

**(ऋतेश)**

दुनिया भर में जिस तरह से ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले बढ़ रहे हैं, उससे एक बार फिर कोरोना जैसा भय पसरने लगा है। कोरोना वायरस का जन्म चीन से हुआ था और एचएमपीवी भी इस साल चीन से ही फैल रहा है। यह सही है कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है और भारत में भी इसके मामले पाए जाते रहे हैं, लेकिन जिस रफ्तार से इस बार यह फैल रहा है, उससे चिंता स्वाभाविक है। यह शोचनीय स्थिति इसलिए भी है, क्योंकि इस साल यह वायरस अस्पतालों पर बोझ बढ़ा रहा है, जिसका अपना नुकसान है। भूलना नहीं चाहिए कि कोरोना से भी अस्पतालों पर बेहिसाब बोझ बढ़ने लगा था, जिसके कारण स्थिति काफी बिगड़ गई थी।

कोरोना से मौजूदा माहौल को इसलिए जोड़ा जा सकता है, क्योंकि एचएमपीवी में भी कोविड-19 की तरह खांसी-जुकाम वाले लक्षण पाए गए हैं और यह वायरस उसी तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है, जितनी तेजी से पांच साल पहले कोरोना ने लोगों को बीमार किया था। चीन की बात छोड़ दीजिए, अपने देश में ही सोमवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में पांच मामले सामने आ गए। साफ है, संक्रमण का प्रसार हो चुका है और अगर पर्याप्त जांच होती है, तो कई अन्य मामले सामने आ सकते हैं। लोग इसलिए भी डर रहे हैं, क्योंकि कोरोना का सितम भारत सहित पूरी दुनिया देख चुकी है। धीरे-धीरे हर गांव-हर शहर को कोरोना ने अपने कब्जे में ले लिया था। यही कारण है कि इस बार भी सभी को विशेष सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।

फिलहाल चीन ने इस वायरस को फ्लू की तरह माना है और दावा किया है कि सर्दियों के मौसम में इसके मामले आते ही हैं। याद कीजिए, कोरोना को लेकर भी चीन ने पहले सही जानकारी नहीं दी थी। कहा था कि कोविड-19 नया वायरस जरूर है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं। मगर बाद में पूरी दुनिया की दुर्गति हो गई। फिर, इस बार भी उसी तरह के बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं, जो कोरोना के समय बताए गए थे। जैसे- छींकते समय मुंह को ढकना, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना, सर्दी-बुखार जैसे लक्षण आने पर घर में रहना, खूब पानी पीना और पोषक भोजन का सेवन करना। ऐसे में, कामना तो बस यही है कि इस वायरस से मृत्यु दर कोरोना जैसी न हो। अभी तो ऐसी स्थिति नहीं लग रही है, लेकिन हमें सावधान जरूर रहना चाहिए। क्या पता कब इसका कहर टूटने लग जाए! इसलिए लापरवाही से बचाव में ही भलाई है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज ज्यादातर समय ऑफिस के बाहर के कामों में बीतेगा। आपकी योजनाओं पर काम करने में कुछ मुश्किलें आ सकती हैं। काम के साथ-साथ मनोरंजन पर भी ध्यान रहेगा, जिस पर काफी खर्च होगा।रात में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

### वृष
आज नौकरीपेशा लोगों को उनकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। प्रतिस्पर्धा की भावना तेज रहेगी। काम की अधिकता के कारण आराम का समय कम मिलेगा। काम के दबाव में चिड़चिड़ापन से बचें, बेवजह के झगड़े हो सकते हैं। पैसों के मामले में दिन शुभ रहेगा।

### मिथुन
आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है। पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, धन फंस सकता है। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, लेकिन अंत में आपकी जीत होगी।

### कर्क
आज लाभ का दिन है और आपके लिए तरक?की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। आपको संतान पक्ष के लोगों से आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम के वक?त आपका कोई रुका कार्य बन सकता है।

### सिंह
आज का दिन गुरु और चंद्रमा की युति से लाभप्रद रहेगा। आपको वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी से खुशी और लाभ मिलने का योग है। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई काम शुरू कर सकते हैं। ससुराल पक्ष के संबंधियों से भी आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

### कन्या
आज करियर में सफलता प्राप?त होगी और आपका दिन शानदार बीतेगा। आपको किसी बीमारी के कारण से डॉक?टर के चक?कर लगाने पड़ सकते हैं। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपके सम?मान में वृद्धि होगी और आपके लिए तरक?की के योग बनेंगे।

### तुला
आज लाभ और सफलता प्राप?त होगी। रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत हो सकती है ।

### वृश्चिक
आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। आप संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे। प्रतिस्पर्धा में आप आगे बढ़ेंगे। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। पाचन संबंधी समस्या और आंखों में तकलीफ हो सकती है। शाम से लेकर रात तक का समय अपनों के साथ हंसी-खुशी में बीतेगा।

### धनु
आज अचानक धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यापारिक योजनाओं में गति आएगी। आपका मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। जल्दबाजी और भावुकता में कोई भी फैसला लेने से बचें, अन्यथा बाद में पछताना पड़ सकता है।

### मकर
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा।

### कुंभ
आज भाग?य साथ देगा और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका दिन संतोष व शांति से भरा होगा। राजनीतिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ आपको मिल सकता है और आपके कुछ रुके कार्य पूर्ण हो सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने बांध विरोधी कार्यकर्ताओं पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया




**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) का विरोध कर रहे बांध विरोधी कार्यकर्ताओं की आलोचना की। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर परियोजना के लाभों के बारे में सटीक जानकारी दिए बिना लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह बात पश्चिमी सियांग जिले में आलो के निकट पाया में गैलो वेलफेयर सोसाइटी (जीडब्ल्यूएस) की रजत जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही। खांडू ने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व की एक बहुउद्देशीय परियोजना है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य केवल जल विद्युत उत्पादन करना नहीं है। खांडू ने कहा, जलविद्युत उत्पादन इस परियोजना का उप-उत्पाद है। परियोजना का वास्तविक उद्देश्य सियांग नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखना और बाढ़ के खतरे को कम करना है। उन्होंने कहा, यदि लोग इसके खिलाफ हैं तो राज्य सरकार इस परियोजना पर काम शुरू नहीं करेगी। हालांकि, उन्होंने लोगों से आगे आकर इस परियोजना के बारे में चर्चा करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चीन ने पहले ही भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर विश्व के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि यदि चीन बांध से पानी छोड़ता है तो अरुणाचल प्रदेश और असम में इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### आंध्र में रियल एस्टेट की सबसे अच्छी नीति लाने के प्रयास, उछाल आने की उम्मीद: नायडू



**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सबसे अच्छी नीति लाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे इस उद्योग में उछाल आने की उम्मीद है। नायडू ने यहां एक रियल एस्टेट सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने नगर निकाय मंत्री पी नारायण को देश की सबसे अच्छी रियल एस्टेट नीति विकसित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा, मैंने नारायण से एक बात कही। राज्य में निर्माण क्षेत्र में तेजी आनी चाहिए और किसी को कोई अड़चन नहीं होनी चाहिए। अगर जरूरत पड़े तो पूरे देश का अध्ययन कर सबसे अच्छी नीति बनाइए ताकि रियल एस्टेट की कंपनियां उसकी सराहना करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी को देश में सबसे अच्छी रियल एस्टेट नीति अपनानी है तो वह आंध्र प्रदेश होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई अन्य राज्य आंध्र प्रदेश से बेहतर रियल एस्टेट नीति लेकर आता है तो राज्य सरकार उसे भी अपनाएगी। नायडू ने कहा कि 2019 से 2024 तक सत्ता में रही वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के समय रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्रों को नुकसान हुआ है।

### आजम खान और उनके समर्थकों को महिलाओं के सम्मान के लिए सबक सिखाऊंगी: जया प्रदा

**रामपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के रामपुर से पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खान और उनके समर्थकों को सबक सिखाऊंगी कि महिलाओं का सम्मानकैसे किया जाता है। अभिनेत्री बृहस्पतिवार को सांसद-विधायक अदालत में सुनवाई के लिए मुरादाबाद आई थीं। जया को पूर्व सांसद और सपा नेता एसटी हसन के खिलाफ एक मामले में बयान देने के लिए बुलाया गया था। जयाप्रदा ने पत्रकारों से कहा, महिलाओं को न्याय के लिए संघर्ष और इंतजार करना पड़ता है लेकिन मैं हार नहीं मानूंगी। मेरे खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले आजम खान और उनके समर्थकों को मैं महिलाओं का सम्मान करना सिखाऊंगी। जयाप्रदा ने मुरादाबाद से पूर्व सपा सांसद एसटी हसन और आजम खान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, भले ही समय बदल गया हो लेकिन महिलाओं को अभी भी सम्मान के लिए लड़ना है। मैं यह लड़ाई इसलिए लड़ना चाहती हूं क्योंकि यह महिलाओं के कल्याण के लिए है। जया प्रदा ने कहा, आजम खान को खुश करने के लिए इस तरह की टिप्पणी करने वाले शिक्षित लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है। मैं ऐसे लोगों को महिलाओं का सम्मान करने का महत्व सिखाने के लिए लड़ रही हूं।

# कड़ाके की ठंड में होने वाली है बारिश, दिल्ली-एनसीआर समेत इन इलाकों में अलर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ठंड का सितम लगातार जारी है। शनिवार सुबह भी उत्तर भारत के तमाम इलाकों में घना कोहरा छाया हुआ है। लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। कड़ाके की ठंडी से अभी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। दिल्ली-एनसीआर को लेकर तो मौसम विभाग ने चेतावनी जारी है। इसने गरज के साथ हल्की बारिश और बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। ऐसे में सर्दी का प्रकोप और ज्यादा बढ़ सकता है। ठंडी हवाएं पहले से कहीं अधिक गलन पैदा कर सकती हैं। विभाग ने कहा कि शनिवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 15 और 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। हालांकि, आज दोपहर में हल्की धूप खिल सकती है जो काफी हद तक राहत वाली खबर है।



बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसीत हो रहा है, जो अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास बना हुआ है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान और 12 से 14 जनवरी तक दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में 13 जनवरी को अलग-अलग हिस्सों पर तूफान या फिर गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले सात दिनों के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में मौसम शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। 11, 15 और 16 जनवरी को दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में भी यही स्थिति बनी रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि गुरुवार देर रात रायलसीमा के मैदानी इलाके कलिंगपट्टनम में सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

**हिमाचल में कोहरे और शीतलहर ने बढ़ाई परेशानी :** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में लगातार जारी शीतलहर व घना कोहरा के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। ऊना, हमीरपुर, मंडी और बरठीं में शीतलहर से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बिलासपुर, ऊना, मंडी व देहरागोपीपुर में घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ऊना में कड़कड़ाती ठंड के कारण सुबह लोग घरों में दुबके रहे। दुकानदार भी दुकानों के आसपास अलाव का सहारा लिया। राज्य के सात स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस व तीन जगह शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 11 जनवरी को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने का अनुमान है। 12 जनवरी को राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी होगी। निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान है।

**कश्मीर में ठंड का प्रकोप जारी, बर्फबारी की संभावना :** कश्मीर घाटी में आज भी ठंड का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार से विशेषकर ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। आसमान साफ ??रहने के कारण कश्मीर में रात का तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कश्मीर घाटी के अधिकांश हिस्सों में आसमान साफ ??रहा। दिन में तेज धूप निकली, जिससे रात के तापमान में गिरावट आई है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 4.4 डिग्री नीचे से थोड़ा अधिक है। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 9.6 डिग्री तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना जताई है। कश्मीर इस समय चिल्ला-ए-कलां की चपेट में है, जो सर्दी के मौसम की सबसे ठंड वाली अवधि होती है।

## कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह इंडिया गठबंधन को एकजुट रखे: संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद इंडिया गठबंधन के अंदर कांग्रेस को लेकर असंतोष देखने को मिला। इस असंतोष के पक्ष में समय-समय पर अन्य घटक दलों के बयान सामने आए। इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि इंडिया गठबंधन अब केवल नाम का है, क्योंकि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। अब शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि वह इंडिया गठबंधन को एकजुट रखे क्योंकि वह गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। गौरतलब है कि राउत का यह बयान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उस टिप्पणी की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेतृत्व और एजेंडे को लेकर स्पष्टता की कमी पर निराशा व्यक्त की थी और कहा था कि अगर यह गठबंधन केवल 2024 के संसदीय चुनावों के लिए था, तो इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि गठबंधन सहयोगियों को लगता है कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों के लिए था और अब अस्तित्व में नहीं है, तो कांग्रेस को (इस स्थिति के लिए) जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। (घटक दलों के बीच) कोई संवाद नहीं हुआ है। हमने लोकसभा चुनाव (एक साथ) लड़ा और अच्छे नतीजे हासिल किए। भविष्य की योजनाएं तैयार करने के लिए (इंडिया की) एक बैठक होनी चाहिए और इस संबंध में पहल करना कांग्रेस की जिम्मेदारी है। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि भाजपा विरोधी गठबंधन के साझेदारों के बीच संवाद की कमी से यह आभास हो रहा है कि 20 से अधिक दलों वाले इस गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, (सहयोगी दलों के बीच) कोई संवाद, चर्चा नहीं हुई है। इसका मतलब है कि सभी के मन में यह भ्रम है कि गठबंधन में सब कुछ ठीक है या नहीं।



## नवीन पटनायक ने छत्तीसगढ़ सीएम को लिखा लेटर, किसकी रिहाई की मांग की

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख नवीन पटनायक ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ओडिशा के पूर्व मंत्री नबा दास के बेटे विशाल दास और कई पंचायत राज प्रतिनिधियों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जिन्हें पड़ोसी राज्य में पुलिस ने कथित तौर पर हिरासत में लिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पटनायक ने इस घटना को परेशान करने वाला बताया। दूसरी ओर, भाजपा नेता सरोज पाधी ने हिरासत के आरोपों को खारिज कर दिया और सवाल किया कि विशाल दास और अन्य देर रात छत्तीसगढ़ में क्यों मौजूद थे। पटनायक ने कहा, मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि इस मामले पर गौर करें तथा उनकी तत्काल रिहाई और सुरक्षा सुनिश्चित करें। हिरासत में लिए गए लोगों में पंचायती राज संस्था की कई महिला सदस्य भी हैं। पटनायक ने दावा किया कि विशाल और किरमिरा ब्लॉक के सरपंचों एवं पंचायत समिति सदस्यों सहित पंचायती राज संस्था (पीआरआई) के सदस्यों को महासमुंद जिले के सरेईपाली पुलिस थाने में रखा गया था। एक वायरल वीडियो में विशाल दास को पंचायत प्रतिनिधियों की रिहाई के लिए गुहार लगाते हुए देखा जा सकता है।

## कश्मीरी व्यापारियों और राजनीतिक दलों ने श्रीनगर-जम्मू के बीच सीधी ट्रेन की मांग की

**श्रीनगर, एजेंसी।** इस महीने के अंत तक श्रीनगर और कटरा के बीच ट्रेन सेवा शुरू होने वाली है, ऐसे में कश्मीर में व्यापार संगठन और जम्मू कश्मीर के लोग आगे दिल्ली के बीच सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी की मांग कर रहे हैं. रेलवे विभाग ने जम्मू कश्मीर के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित रेल-लिंक को पूरा कर लिया है और पिछले कुछ हफ्तों में इसके कई ट्रायल रन किए.

इसके बाद उत्तरी रेलवे ने 31 दिसंबर को कटरा और बारामुल्ला स्टेशनों के बीच ट्रेनों का टाइम शेड्यूल भी जारी किया. इस संबंध में रेलवे के एक अधिकारियों ने ईटीवी भारत को बताया कि कश्मीर जाने वाली ट्रेनें कटरा रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी. इसके बहाद यात्री जम्मू और दिल्ली की ओर जाने के लिए दूसरी ट्रेन में सवार होंगे. सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि कटरा स्टेशन ऐसा स्थान होगा, जहां यात्रियों को ट्रांस-शिपमेंट करना होगा. रेलवे अधिकारियों ने कश्मीर जाने वाले यात्रियों के लिए कटरा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 निर्धारित किया है. रेलवे अधिकारियों ने बताया, जब कोई ट्रेन कश्मीर से आएगी, तो सभी यात्रियों को उसमें से उतरना होगा और स्टेशन के बाहर जाना होगा. उन्हें डिपार्चर लाउंज में अपने सामान को फिर से स्कैन करना होगा और फिर आगे की यात्रा के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खड़ी ट्रेन में चढ़ना होगा.

**लोगों में नाराजगी :** रेलवे अधिकारियों की इस व्यवस्था से कश्मीर की जनता, व्यापार संगठनों और राजनीतिक दलों में नाराजगी है. कश्मीर के मुख्य व्यापार संगठन कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (चष्टष्ठ्ठ) ने दिल्ली-श्रीनगर रेल संपर्क की सराहना करते हुए कटरा में ट्रांसशिपमेंट के बजाय श्रीनगर और दिल्ली से जम्मू के लिए सीधी ट्रेनें चलाने की मांग की.



केसीसीआई के महासचिव फैज अहमद बख्शी ने कहा कि चैंबर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली से श्रीनगर के लिए सीधी ट्रेन सेवा के उनके अनुरोध पर विचार करने का अनुरोध करता है. उन्होंने कहा कि चैंबर इन महत्वपूर्ण संपर्क परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार दोनों के प्रति आभार व्यक्त करता है, जो जम्मू-कश्मीर के परिवहन को नया आकार प्रदान करेंगी.

**मुख्य पड़ाव स्टेशन जम्मू में होना चाहिए :** वहीं, कश्मीर ट्रेडर्स एंड मैन्युफैक्चर्स फेडरेशन के चेयरमैन अबरार भट ने ईटीवी भारत को बताया कि इस रेल सर्विस से मौसम और राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण संबंधी मुद्दों के कारण श्रीनगर और जम्मू के बीच संपर्क अवरोधों से बड़ी राहत मिलेगी. भट ने कहा, यह ट्रेन कश्मीर और जम्मू के बीच सुगम और सभी मौसम में संपर्क को बढ़ावा देगी, लेकिन मुख्य पड़ाव स्टेशन जम्मू में होना चाहिए न कि कटरा में. सेवा निर्बाध होनी चाहिए और यात्रियों को कटरा स्टेशन पर ट्रेन से उतरने और चढ़ने के लिए नहीं कहा जाना चाहिए. वहीं, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के महासचिव मोहम्मद खुर्शीद आलम ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यह कश्मीरियों के लिए सुविधा के बहुप्रचारित वादे को कमजोर करता है. आलम ने कहा, सालों से हमें बताया गया कि कश्मीर के लिए ट्रेन सेवाओं से आम जनता को फायदा होगा और यात्रा आसान होगी. यह ताजा निर्देश साबित करता है कि कश्मीरी यात्रा सुविधा का अनुभव करने से कोसों दूर हैं. बड़ी धूमधाम से शुरू की गई।

## दफ्तर बना लेने के बावजूद भाजपा और कांग्रेस का सरकारी बंगले पर कब्जा, चौंकाने वाली रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों का लुटियंस दिल्ली में सरकारी बंगले पर कब्जा बना हुआ है। अपने-अपने हेडक्वार्टर्स बना लेने या जमीन होने के सालों बाद भी वे इनका पार्टी ऑफिस के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह सरकारी बंगले को लेकर बनाए गए नियम-कायदे का साफ तौर पर उल्लंघन हो रहा है। नियम के अनुसार, पार्टी दफ्तर के लिए जमीन हासिल करने या निर्माण पूरा होने के तीन साल बाद पॉलिटिकल पार्टियों को सरकारी बंगला खाली कर देना चाहिए। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही अभी तक कब्जा जमाए रखा है। सूत्रों के मुताबिक, साल 2018 में आवास और शहरी मामले के मंत्रालय की ओर से कांग्रेस को नोटिस जारी किया गया था। इसमें पार्टी से अपील की गई कि सरकारी बंगले को खाली कर दिया जाए। कांग्रेस अब तक 2 ऐसे बंगलों को खाली कर भी चुकी है। टीओआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया, नियम तो सभी राजनीतिक दलों पर लागू होता है। फिलहाल, अशोका



रोड और पंडित पंत मार्ग पर स्थित दो सरकारी बंगलों पर भाजपा का कब्जा है। इसी तरह, अकबर रोड और रायसीना रोड पर स्थित दो बंगलों का इस्तेमाल कांग्रेस की ओर से हो रहा है। अभी तक तो ऐसा कोई संकेत भी नहीं मिल रहा जिससे पता चले कि वे सरकारी बंगले को खाली करने के मूड में हैं। इस समय करीब 6 बंगलों पर राजनीतिक दलों का कब्जा है।

**दिल्ली चुनाव में सरकारी बंगले पर गरमाई राजनीति :** सरकारी बंगले को लेकर विवाद दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भी गरमाया हुआ है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के घर के बाहर पहुंच गए। उन्होंने दावा किया कि आतिशी के पास दो-दो बंगले हैं। सचदेवा सुप्रीम कोर्ट के पास स्थित आतिशी के 17 एबी मथुरा रोड बंगले पर पहुंचे और उन्हें बंगले वाली देवी कहते हुए तीखा प्रहार किया। उन्होंने पूछा कि आखिर आतिशी कितने बंगले चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह बंगला आतिशी को आवंटित है, लेकिन मुख्यमंत्री स्वयं कभी नहीं रही हैं। उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग कर अपने कुछ राजनीतिक साथियों को बंगले में रखा है।

## असम का अपमान करना पड़ा भारी, हिमंत सरमा के आदेश पर डीजीपी सख्त; आरोपी मांगने लगा माफी

**दिसपुर, एजेंसी।** रिया उप्रेती नाम के यूट्यूब चैनल से एक वीडियो के सामने आते ही हंगामा मच गया। सोशल मीडिया यूजर्स की ओर से इस पर कड़ी आपत्ति जताई गई। इसके कुछ देर बाद ही असम के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इसके बारे में एक्स पर पोस्ट किया गया। इसमें लिखा गया, रिया उप्रेती नाम के यूट्यूब चैनल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अभिषेक कर नाम का व्यक्ति असम के इतिहास और परंपराओं पर अस्वीकार्य टिप्पणी करता नजर आ रहा है। गलत सूचना फैलाने को लेकर इस व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू होनी चाहिए। असम के डीजीपी जीपी सिंह की ओर से सीएम ऑफिस के पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी गई। इसमें कहा गया कि मामले का संज्ञान लिया गया है। कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसे देखते ही आरोपी अभिषेक माफी मांगने लगा। उसने वीडियो पोस्ट जारी करके कहा कि मैं लोगों से माफी मांगता है। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय और डीजीपी जीपी सिंह को टैग करते हुए कहा कि जो लोग में आहत हुए हैं, मैं उनसे माफी मांग रहा हूं। मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। मैं आगे भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। दूसरी ओर, असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में काम करने वाले श्रमिकों के सरदार को गिरफ्तार कर



लिया गया है। खदान में अब भी आठ खनिक फंसे हुए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान में शामिल कर्मी फंसे हुए खनिकों को बाहर निकालने की कड़ी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वक्त बीतने के साथ स्थिति गंभीर होती जा रही है। खदान में पानी भरने के बाद 9 खनिक उसमें फंस गए थे, जिसमें से नेपाल निवासी एक खनिक का शव बरामद कर लिया गया है। उन्होंने यह नहीं बताया कि गिरफ्तारी कहां की गई है। उन्होंने कहा, 'खनिकों का मुखिया 6 जनवरी को घटना के तुरंत बाद खदान स्थल से भाग गया था।

## रामलला का दर्शन कर भावुक हुए कवि कुमार विश्वास, कहा-मानवता की खुली आंख के सबसे सुंदर सपने हैं राम

**अयोध्या, एजेंसी।** भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को लेकर कल यानि रविवार से विभिन्न आयोजन होंगे. इन आयोजनों में शामिल होने के लिए कवि डॉ. कुमार विश्वास अयोध्या पहुंचे हैं. कुमार विश्वास ने शुक्रवार को रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया.

कुमार विश्वास प्रतिष्ठा द्वादशी के अवसर पर रामलला की राग सेवा कार्यक्रम में भी शामिल होंगे. अयोध्या पहुंचने के बाद कुमार विश्वास सबसे पहले राम मंदिर दर्शन पूजन किया. जहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा स्वागत किया और मंदिर निर्माण की भी जानकारी दी. दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, रामलला के सम्मुख ज्यादा समय तक देख नहीं पाता हूं,आज भी मैं भावुक हो गया और आंखें नम हो गई. उन्होंने कहा कि बहुत ही सौभाग्य के क्षण हैं कि रामलला के समक्ष बैठकर उनकी राग सेवा करने का आदेश मिला है.

कुमार विश्वास ने कवि ने कहा कि मैथिलीशरण ने कहा है कि राम तुम्हारा चरित्र प्रेम ही काव्य है. कोई भी राम पर लिखेगा तो वह कवि बन ही जाएगा. भगवान राम की कहानी गाने का तो काम ही कवियों को मिला. सबसे पहले भगवान वाल्मीकि, फिर तुलसीदास, दक्षिण में महाकवि कम्बन,महाकवि कालिदास ने रघुवंशम के माध्यम से तो राधेश्याम



रामायणी, मैथिली शरण गुप्त ने भी राम की कहानी गाई. अब मुझ जैसे जैसे व्यक्ति को भी भगवान श्री राम के समक्ष कुछ पद अर्पित करने का सौभाग्य मिल रहा है. वहीं, नेशनल हाईवे स्थित रामायण विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अपने-अपने राम कथा के शुभारंभ के पर कुमार विश्वास ने महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय की स्थापन को महर्षि जी की दूरगामी सोच कहते हुए महर्षि जी की उपलब्धियों को याद किया. उन्होंने कहा कि महर्षि महेश योगी जी एक दूरदर्शी संत थे, जिनकी सोच और दृष्टि ने विश्व में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार किया. उनके जैसा महान व्यक्तित्व इस दुनिया में बहुत कम ही देखने को मिलता है. कुमार विश्वास ने कहा, भगवान राम अयोध्या से प्रयागराज गए थे और आज हम प्रयागराज से अयोध्या जा आए हैं. यह मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है. इस अवसर पर उन्होंने कहा, जब सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि का विवाद चल रहा था, तब कुछ लोग राम के अस्तित्व पर सवाल उठा रहे थे. लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि रामनवमी के दिन ही कोर्ट बंद हो गया. पंडाल में हजारों की संख्या में लोग कुमार विश्वास की कथा सुनने के लिए जुटे थे. अयोध्या के महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय श्री राम तारक यज्ञ का शुभारंभ हुआ है. यज्ञ की शुरुआत यज्ञाचार्य सतीश चंद्र शास्त्री ने 21 ब्राह्मणों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए की. इसके साथ ही 251 ब्राह्मणों ने सामूहिक रूप से राम रक्षा स्तोत्र का पाठ किया है. आयोजनकर्ता के मुताबिक इस यज्ञ का उद्देश्य धर्म, शांति और आध्यात्मिकता का प्रचार-प्रसार करना है. तीन दिवसीय आयोजन अयोध्या में धर्म और संस्कृति की धरोहर को और मजबूत करेगा।

नेशनल यूथ फेस्टिवलः

## खेल मंत्री मांडविया ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को यहां 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' और राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 3000 से अधिक युवा विषयगत चर्चाओं और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख हस्तियों में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा और इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ शामिल थे। मांडविया ने इस अवसर पर भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने प्रतिभागियों से देश की प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह करते हुए कहा, यह कार्यक्रम युवाओं ने आयोजित किया है और यह युवाओं के लिए है। महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण 12 जनवरी को कार्यक्रम के समापन दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ चयनित युवाओं के बीच बातचीत होगी।

रणजी ट्रॉफीः

## नॉकआउट में पहुंचने के लिए जीतने होंगे दोनों मैच



**धर्मशाला, एजेंसी।** हिमाचल अगर गुजरात को अंतिम लीग मैच में हरा देती है तो नॉकआउट के लिए आसानी से क्वालीफाई कर सकती है। हिमाचल के कप्तान और कोच के अंतिम लीग मैचों के लिए विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। रणजी के नॉकआउट में जाने के लिए हिमाचल को अपने बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे, लेकिन उसकी राह में सबसे बड़ा रोड़ा गुजरात बनेगा। हिमाचल अगर गुजरात को अंतिम लीग मैच में हरा देती है तो नॉकआउट के लिए आसानी से क्वालीफाई कर सकती है। हिमाचल के कप्तान और कोच के अंतिम लीग मैचों के लिए विशेष रणनीति तैयार करनी होगी। अंडर-23 ट्राफी में भी पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने पर हिमाचल को गुजरात ने हराकर फाइनल में खेलने का सपना तोड़ा था। वहीं, अब रणजी के दो मैच हिमाचल को हैदराबाद और गुजरात में खेलने हैं। हिमाचल का छठा रणजी मैच 23 से 26 जनवरी को हैदराबाद के साथ होगा। 30 जनवरी से दो फरवरी को गुजरात के साथ दूसरा मुकाबला होगा। अभी तक हिमाचल ने पांच लीग मैचों में तीन में जीत हासिल की और दो मैच हारे हैं।

जबकि गुजरात ने पांच में दो मैच जीते हैं और तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। हिमाचल 21 अंकों के साथ पूल में दूसरे स्थान पर है और गुजरात की टीम 19 अंकों के साथ के तीसरे स्थान पर बनी है। 28 अंकों के साथ विदर्भ की टीम पहले स्थान पर है। हैदराबाद 9 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। हिमाचल के लिए जहां हैदराबाद पर जीत हासिल करनी होगी। गुजरात से मैच जीतना भी सबसे जरूरी है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि हिमाचल अगर गुजरात से मैच में जीत जाता है तो वह आराम से नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करेगा। बचे हुए दो मैच से पूर्व हिमाचल की टीम का अभ्यास कैंप भी लगाया जाएगा। इसमें कोच और कप्तान अगले दो मैचों के लिए रणनीति भी तैयार करेंगे। इस बार हिमाचल नॉकआउट के लिए क्वालीफाई भी करेगा और फाइनल भी खेलेगा।

# ज्यादा से ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतना है लक्ष्यः अलकाराज



**मेलबर्न, एजेंसी।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले जितने संभव हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने का अपना लक्ष्य व्यक्त किया। 21 वर्षीय खिलाड़ी के संग्रह से ऑस्ट्रेलियन ओपन एकमात्र प्रमुख खिताब है जो वह जीते नहीं है. अल्काराज़ ने कहा, मेरे लिए लक्ष्य ग्रैंड स्लैम, मास्टर्स 1000 जीतने की कोशिश करना है। मेरे लिए वे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि रैंकिंग लक्ष्यों में ऊपर है, साथ ही, मैं जैनिक (सिनर) के जितना करीब हो सकता हूं उतना करीब पहुंचने की कोशिश कर रहा हूं या (अलेक्जेंडर) जवेरेव को भी पीछे छोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। रैंकिंग वहां है। लेकिन मेरे लिए मुख्य बात ग्रैंड स्लैम है, जितना हो सके उतने ग्रैंड स्लैम जीतने की कोशिश करना,

अलकाराज़ ने पहले ही चार प्रमुख खिताब हासिल कर लिए हैं, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए एंडी मरे और पूर्व विश्व नंबर 3 स्टेन वावरिंका जैसे महान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को पीछे छोड़ दिया है। 2024 में, स्पैनियार्ड और जैनिक सिनर ने ग्रैंड स्लैम दृश्य पर अपना दबदबा बनाया, प्रत्येक ने दो खिताब जीते। जून से एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर काबिज सिनर, अलकाराज़ के करियर में एक केंद्रीय व्यक्ति बन गए हैं। अलकाराज़ ने साझा किया कि कैसे उनकी रोमांचक प्रतिद्वंद्विता उनके विकास में एक प्रेरक शक्ति रही है। जब मैं उसके खिलाफ खेल रहा होता हूं, तो मेरी मानसिकता थोड़ी अलग होती है। जब आप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों या दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सामना कर रहे होते हैं, तो आपको कुछ अलग करना होता है, अलग तैयारी या अलग मानसिकता, । जब मैं उसका सामना कर रहा होता हूं, तो मुझे बस इतना पता होता है कि अगर मुझे जीतना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना होगा। बस इतना ही। शायद अगर जैनिक के खिलाफ़ खराब दिन होने पर 99 प्रतिशत संभावना है कि आप हार जाएं । हर बार जब मैं उसके खिलाफ़ खेलने जा रहा होता हूं, तो मेरे दिमाग में यही बात होती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए अच्छी बात यह है कि जब मैं उसे खिताब जीतते हुए देखता हूं, जब मैं उसे रैंकिंग में शीर्ष पर देखता हूं, तो यह मुझे हर दिन और भी कठिन अभ्यास करने के लिए मजबूर करता है। अभ्यास में, मैं बस उन चीजों के बारे में सोचता हूँ जिन्हें मुझे उसके खिलाफ़ खेलने के लिए सुधारना है। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत बढ़िया है, उनके साथ रहना, अब तक इतनी शानदार प्रतिद्वंद्विता, बस हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए। अल्काराज़ और सिनर मेलबर्न पार्क में होने वाले फाइनल तक एक-दूसरे का सामना नहीं कर सकते। तीसरे वरीय खिलाड़ी का ध्यान आगे के प्रत्येक मैच पर रहेगा, जिसकी शुरुआत अलेक्जेंडर शेवचेंको के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले से होगी। एक साल पहले, अल्काराज़ को ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में अलेक्जेंडर जवेरेव ने बाहर कर दिया था। उस समय, वह अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के बिना ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर गए थे, जो घुटने की सर्जरी के बाद टूर्नामेंट से चूक गए थे। हालांकि, पूर्व विश्व नंबर 1 मेलबर्न पार्क में इस साल के संस्करण के लिए अल्काराज़ के हाफ में वापस आ गया है। अल्काराज़ ने कहा, जुआन कार्लोस अब छह साल से मेरे साथ हैं।

वह मुझे वास्तव में अच्छी तरह से जानते हैं। वह जानते हैं कि मैचों के दौरान मुझे क्या चाहिए, मैचों के दौरान बातें कैसे कहनी हैं। जैसा कि मैंने पिछले साल कहा था, मेरे लिए, जुआन कार्लोस वास्तव में महत्वपूर्ण हैं। मुझे टूर्नामेंट में उनके साथ रहना वास्तव में पसंद है। लेकिन पिछले साल, उदाहरण के लिए, मैं सैमुअल के साथ था वह अभी मेरे दूसरे कोच हैं। मैं उन पर 100 प्रतिशत भरोसा करता हूं।

मलेशिया ओपनः

## सात्विक-चिराग ने यू सिन ओंग-ई यि तियू को हराया, मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सात्विक और चिराग ने लेकिन लगातार अंक लेकर पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरूआत की लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करते हुए 17 में से 13 अंक लेकर जीत दर्ज की। भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन में शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गए। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट में मलेशिया के यू सिन ओंग और ई यि तियू को 26-24, 21-15 से हराया।

पिछली बार उपविजेता रहे सात्विक और चिराग का सामना दक्षिण कोरिया के वोन हो किम और सियुंग जाए सियू से होगा।

पहला गेम बराबरी का रहा जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। भारतीय जोड़ी ने 11-9 की बढ़त बना ली जो 18-16 हो गई लेकिन मलेशियाई टीम ने लगातार तीन अंक लेकर वापसी की और स्कोर 19-19 कर दिया। इसके बाद उन्होंने 20-19 की बढ़त बना ली। सात्विक और चिराग ने लेकिन लगातार अंक लेकर पहला गेम जीता। दूसरे गेम में मलेशियाई जोड़ी ने मजबूत शुरूआत की लेकिन सात्विक और चिराग ने शानदार वापसी करते हुए 17 में से 13 अंक लेकर जीत दर्ज की।

2023 में भी लिया था, तब 24 घंटे के भीतर ही फैसला बदला

## तमीम इकबाल ने फिर से इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल ने फिर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह दूसरी बार है जब उन्होंने अपने करियर को अलविदा कहा है। तमीम ने जुलाई 2023 में भी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही अपना फैसला बदल दिया था।

तमीम ने हाल ही में नेशनल सेलेक्शन पैनल से मुलाकात की थी। उन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के ऐलान से पहले ही संन्यास ले लिया। तमीम ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी मैच सितंबर 2023 में खेला। उन्होंने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम ने फरवरी 2007 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया। तमीम का इंटरनेशनल रिकॉर्ड तमीम इकबाल ने 70 टेस्ट मैचों में 38.89 के एवरेज से 5134 रन बनाए। इसमें 10 शतक और 31 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं 243 वनडे में उनके नाम पर 36.65 की औसत से 8357 रन दर्ज हैं। वनडे इंटरनेशनल में 14 शतक और 56 अर्धशतक लगाए। तमीम ने 78 टी-20 इंटरनेशनल में 24.08 के एवरेज से 1758 रन बनाए। इसमें उनके नाम पर 1 शतक और सात अर्धशतक दर्ज हैं। कप्तान शांतो ने मनाने की कोशिश की तमीम ने 8 जनवरी को सिलहट में बांग्लादेश के चयनकर्ताओं को अपने फैसले की जानकारी दी।

## न्यूजीलैंड-श्रीलंकाः श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बरपाया कहर, न्यूजीलैंड को बुरी तरह दी मात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला ऑकलैंड में खेला गया. शनिवार 11 जनवरी को हुए इस मैच में श्रीलंका की टीम ने लगातार दो मैच हारने के बाद दमदार वापसी की. इस मैच में उसने कीवी टीम को 140 रनों के बड़े अंतर से हराया.

हालांकि, इस जीत का सीरीज पर कोई खास असर नहीं पड़ा और न्यूजीलैंड ने 2-1 से इसे अपने नाम कर लिया. बता दें इस मुकाबले में श्रीलंका की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 290 रन बनाए थे. फिर असिथा फर्नांडो, ईशान मलिंगा और महीश तीक्षणा ने अपनी घातक गेंदबाजी से न्यूजीलैंड को महज 150 रन पर ढेर कर दिया. श्रीलंका की टीम इस मैच से पहले



लगातार 2 मैच हारकर पहले ही सीरीज गंवा चुकी थी. अब उसके लिए सम्मान की लड़ाई थी. इसलिए उसने कड़ा रुख अपनाया और टॉस जीतकर पहले बैटिंग की. पहले ओवर से श्रीलंकाई टीम ने आक्रामक अंदाज अपनाया जो अंत तक जारी रहा. ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए श्रीलंका के बल्लेबाजों ने बोर्ड पर 290 रन लगा दिए. इसके बाद श्रीलंकाई पेस अटैक ने कीवी बल्लेबाजों पर कहर बरपाया. असिथा फर्नांडो ने श्रीलंका की इस जीत में मुख्य भूमिका निभाई. उन्होंने 7 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने. उनके अलावा ईशान मलिंगा ने 7 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट और महीश तीक्षणा ने 7.4 ओवर में 35 रन देकर 3 विकेट चटकाए.

इंडिया-इंग्लैंडः

## 11,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन सकते हैं रोहित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी जिसका आयोजन 5 मैचों की टी20 सीरीज के बाद किया जायेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी के लिहाज से इस सीरीज को काफी अहम माना जा रहा है। भारत ने पिछले साल यानी 2024 में सिर्फ 3 वनडे मैच खेले थे और ये सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली गई थी, लेकिन टीम इंडिया को 0-2 से हार मिली थी। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया इस हार को भूलकर इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करेगी और सीरीज को जीतने की कोशिश भी करेगी। इस वनडे सीरीज के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का भी बेहतरीन मौका होगा।

### वनडे में 11,000 रन पूरे करने के करीब हैं रोहित

रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान 134 रन बनाते ही 50-50 ओवर के प्रारूप में अपने 11,000 रन भी पूरे कर लेंगे। रोहित शर्मा ने 265 वनडे मैचों में अब तक 10,866 रन बनाए हैं। इस वनडे सीरीज में 11,000 रन पूरा करते ही वो भारत की तरफ से वनडे प्रारूप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। भारत की तरफ से वनडे प्रारूप में 11,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तक सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और सौरव गांगुली शामिल हैं।

### तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं रोहित शर्मा

रोहित शर्मा के पास वनडे में दूसरे सबसे तेज 11,000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बनने का भी मौका है। रोहित शर्मा ने अब तक वनडे में 265 मैचों की 257 पारियों में 10,866 रन बनाए हैं।

रोहित शर्मा अगर अगली 10 पारियों में 134 रन बना लेते हैं तो वो वनडे में दूसरे सबसे तेज 11,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। वनडे में सबसे कम पारियों में ग्यारह हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज कोहली हैं जिन्होंने 222 पारयों में ये कमाल किया था। वहीं सचिन तेंदुलकर दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने 276 पारियों में 11,000 रन बनाए थे। वैसे रोहित शर्मा इंग्लैंड सीरीज के दौरान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ सकते हैं।

### वनडे में सबसे तेज 11,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज (पारियों के मामले में)

विराट कोहली- 222 पारी
सचिन तेंदुलकर- 276 पारी
रिकी पोंटिंग- 286 पारी
सौरव गांगुली- 288 पारी
जैक कैलिस- 293 पारी

# नीरज भाला फेंक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट



## पाकिस्तान के नदीम इस स्थान पर रहे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक में नदीम ने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

### नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा

उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था जिसे वह चौथे स्थान पर रहे थे। पेरिस ओलंपिक में उन्होंने 92.97 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा ने 89.45 मीटर के साथ रजत पदक हासिल किया था।

भारत संभवतः इस साल सितंबर में भाला फेंक की शीर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जिसमें नीरज सहित कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे। यह आयोजन उन कई प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त है जिनकी मेजबानी के लिए भारत ने अपनी रुचि व्यक्त की है। इसमें 2029 में होने वाली विश्व चैंपियनशिप भी शामिल है।

भारत ने 2029 विश्व चैंपियनशिप और 2027 में होने वाली विश्व रिले प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए रुचि व्यक्त की है। एएफआई पिछले साल नवंबर में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को की भारत यात्रा के दौरान पहले ही 2028 विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए अपनी रुचि व्यक्त कर चुका है। दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग ले सकते हैं. शीर्ष प्रतियोगिताओं में दुनिया के चोटी के 10 खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। नीरज ने हाल ही में अपने करियर में एक रोमांचक नए अध्याय की शुरुआत की थी। नीरज ने महान भाला फेंक एथलीट यान जेलेज्नी को अपना नया कोच बनाया। तीन बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन और मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी लंबे समय से चोपड़ा के आदर्श रहे हैं।

### जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अच्छा करने की कोशिश करेंगे

जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

# नेशनल हायर सेकेडरी स्कूल व बस स्टैण्ड में यातायात जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## छात्र, छात्राओं व आमजन मानस को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई.भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से आमजन मानस एवं स्कूली छात्र/छात्राओं को यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है । इसी तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा नेशनल हायर सेकेण्डरी स्कूल पन्ना एंव बस स्टैण्ड पन्ना में आमजन मानस व छात्र/छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें आमजन मानस व छात्र/छात्राओं को को ट्राफिक सिग्नल , ड्रायवर द्वारा इण्डिकेटर या हाथ से दिए जाने वाले सिग्नल , ट्राफिक पुलिस द्वारा दिए जाने वाले सिग्नल, चौराहो पर लगे इलेक्ट्रानिक सिग्नल उनके मीनिग के विषय में बताया गया । रोड साईन (आदेशात्मक, चेतावनी एवं सूचनात्मक) सड़क चिन्हों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई । बच्चों को रोड मार्किंग के विषय में बताया गया सड़क दुर्घटनाओं की वर्तमान स्थिति एवं कारणों के विषय में बताया गया । वाहन दुर्घटना तेजगति गति, नशे की हालत में वाहन चालन, ब्रेकिंग डिस्टेन्स न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते वाहन चलाना, ओवरलोडिंग वाहन एवं खराब सड़के रोड एक्सीडेन्ट के लिए जिम्मेदार है । इनसे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन कर निर्धारित गति में वाहन चालन, हेलमेट, सीटबेल्ट जैसे इक्युमेण्ट का उपयोग करना चाहिए । बच्चो को इमरजेंसी केयर के विषय में भी बताया गया । सड़क दुर्घटना में पीडित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुचाना चाहिए ताकि उसकी जान बच सके बच्चो को गुड सेमेरिटन ( नेक व्यक्ति ) के बारे में भी बताया गया, कि पीडित व्यक्ति की मदद करने पर शासन द्वारा 5000 रूपये का ईनाम भी दिया जाता है । बच्चो को राइट आफ वे के विषय में भी बताया गया । सड़क पर चलते समय हमें पहले आपातकालीन सेवाओ में संलग्न वाहनों जैसे एम्बुलेंस, फायरब्रिगेड को पहले जाने के लिए रास्ता देना चाहिए अगले क्रम में दिव्यांग व्यक्ति, पैदल व्यक्ति साइकिल चालक को पहले निकलने के लिए रास्ता देना चाहिए आदि । जागरुकता कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के समस्त स्टाप सहित सभी छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की सपथ दिलाई जाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया ।

## 13 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शनिवार, 11 जनवरी को जिले के नगरीय निकायों के 6 वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 7 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। नगर परिषद गुनौर के गुरइया देव वार्ड का शिविर प्राथमिक शाला टौरिया स्कूल के पास, ककरहटी के जगदीश स्वामी वार्ड का शिविर सन्यासी बाबा मंदिर के पास, देवेन्द्रनगर के विवेकानंद वार्ड का शिविर सामुदायिक भवन के पास, अमानगंज के नेहरू वार्ड का शिविर नायक के कुआ के सामने, पवई के जवाहरलाल नेहरू वार्ड का शिविर झण्डा बाजार और नगर परिषद अजयगढ़ के रानी दुर्गावती वार्ड का शिविर सामुदायिक भवन अखग्गड़ का अखाड़ा में लगाया जाएगा। इसी तरह गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तिदुनहाई एवं श्यामरडाडा, शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पोड़ीकला, पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत धरमपुर एवं गहरा तथा अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जैतूपुर एवं शानगुरैया में शिविर लगेगा।

# ग्राम पंचायत का अजब कारनामा, तालाब खोदने के नाम पर निकाल ली राशि

## अब उसी तालाब की जमीन पर पानी की टंकी बनाने का कर दिया प्रस्ताव

### ग्रामीणो ने कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही करने के लिए दिया पत्र



**पन्ना।** जिले में ग्राम पंचायतो के सरपंच, सचिवो द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है, तथा भ्रष्टाचार भी चरमसीमा पर चल रहा है, बिना काम के राशि निकालकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, साथ ही ऐसे भी मामले सामने आ रहे है, कि एक ही जमीन पर अलग अलग निर्माण कार्य दर्शाकर राशि हडप ली जाती है। इसी प्रकार का मामला जनपद मुख्यालय गुनौर से महज् 5 कि.मी. दूर ग्राम पंचायत डिघौरा का सामने आया है, जिस जमीन पर विगत महिनो ग्राम पंचायत द्वारा तालाब का निर्माण कराया गया है, तथा उक्त तालाब निर्माण में तीन लाख तीस हजार की राशि खर्च की गई थी, तथा तालाब बनाने का कार्य प्रस्तावित है, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा उक्त राशि से कोई कार्य नहीं कराया गया, सिर्फ औपचारिकाता करके राशि में फर्जीवाड़ा किया गया है। तत्पश्चात् ग्राम पंचायत मुख्यालय में जल निगम विभाग के माध्यम से टंकी निर्माण का कार्य प्रस्तावित किया जाना था, जिसके लिए जल निगम विभाग द्वारा सरपंच सचिव से टंकी निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा गया। सरपंच, सचिव नें तालाब के अन्दर ही टंकी निर्माण करने का प्रस्ताव दे दिया, जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणो द्वारा लगातार विरोध किया गया कि जिस जगह पर तालाब निर्माण का कार्य चल रहा है, उसी तालाब के लिए प्रस्तावित जमीन पर ठेकेदार द्वारा टंकी का निर्माण क्यो किया जा रहा है। ग्रामीणो द्वारा सीएम हेल्पलाईन, जिला कलेक्टर सहित जिम्मेवार अधिकारीयो को शिकायते की गई।

### इनका कहना है

*हमें ग्राम पंचायत द्वारा जिस जगह का प्रस्ताव दिया गया था, उसी जगह टंकी का निर्माण करा रहे है तथा कलेक्अर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी की सहमति भी प्राप्त हुई है, यदि ग्राम पंचायत द्वारा स्थान परिर्वतन का प्रस्ताव दिया जाता तो हम दूसरी जगह टंकी का निर्माण करा देते।*

**शिवम सिन्हा महाप्रबंधक**
परियोजना क्रियानवयन इकाई
जल निगम पन्ना

*जल निगम द्वारा स्थान चिन्हित कर लेआउट कराया गया था उसी स्थान पर हम टंकी निर्माण का काम करा रहे हैं स्थल परिवर्तन करना हमारा काम नहीं है यह जल निगम ही करेगा।*

**बी.एम. शुक्ला** कल्पतरू प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड एसआईटीई-एमएसएमआर पन्ना

# मझगांय बांध मुआवजा राशि वितरण में भारी फर्जीवाड़ा

## शासकीय विद्यालय की जमीन को निजी बताकर ले लिया सत्रह लाख का मुआवजा

**पन्ना।** पन्ना जिले में मुआवजा वितरण को लेकर व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा क्षेत्रीय अधिकारीयों, कर्मचारीयों, सरपंच, सचिवो की मिली भगत से किया जा रहा है, इसके पूर्व जो भी योजना पन्ना जिले में लागू की गई, उक्त योजनाओं में भू माफियाओं, दलाले तथा अधिकारीयों ने मिलकर भारी फर्जीवाड़ा किया है। उदाहरण के तौर पर जेके सीमेंट कंपनी मुआवजा वितरण, जमीन अधिग्रहण, पन्ना टाईगर रिजर्व विस्थापन कार्य, रेल्वे लाईन, का मुआवजा वितरण, रूंज बांध का मुआवजा वितरण उक्त सभी परियोजनाओं के नाम पर किये गये मुआवजा वितरण में भूमाफियाओं, दलालो तथा राजनीति से जुड़े नेताओं तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा गरीब लोगो की जमीन तथा संपत्ती के नाम पर मुआवजा राशि मे भारी हेर फेर किया गया है। इसी प्रकार का मामला अजयगढ जनपद अन्तर्गत मझगांव बांध के मुआवजा राशि को लेकर सामने आया है, कुंअरपुर तथा अन्य आस पास के ग्राम के गरीब आदिवासी लोगो की राशि सरपंच, सचिव, पटवारी के द्वारा मनमाने ढंग से हडपी गई है, बेचारे गरीबो को मनमाने ढंग से राशि दी गई है, इसी प्रकार कुंअरपुर में भी महार्षि विद्यामंदिर भवन का निर्माण शासकीय जमीन पर कई वर्षो पूर्व किया गया था, लेकिन उक्त जमीन को निजी बताकर सर्वे सूची मे जोड़कर दलालो द्वारा 17 लाख से अधिक की राशि का मुआवजा ले लिया। स्थानीय लोगो ने मझगांवय बांध मुआवजा राशि वितरण की जांच कराये जाने तथा कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञात हो कि महिनो पूर्व स्थानीय लोगो द्वारा एसडीएम को ज्ञापन दिया गया था तथा सही सर्वे कराकर मुआवजा राशि दिलाये जाने की मांग की गई थी। लेकिन अजा दिनांक तक आम लोगो को मुआवजा राशि नहीं मिली है।

## बहुजन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष के छोटे भाई का निधन

**पन्ना।** जिले के सलेहा कस्वा निवासी सत्यनारायण उर्फ डब्लू वर्मा उम्र 35 वर्ष का बीमारी के चलते गत दिवस निधन हो गया। श्री वर्मा बहुजन समाजवादी के अध्यक्ष भागवत वर्मा के छोटे भाई है, उनके शरीर को मेडिकल कालेज के छात्रो को पढाई हेतु देहदान की गई है, ज्ञात हो कि इनके पिता स्वर्गीय सेवा निवृत्त शिक्षक बिहारी वर्मा के द्वारा भी अपनी देहदान की गई थी। डब्लू वर्मा के निधन पर क्षेत्र के लोगो ने गहन दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की है।

# नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण के लिए महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण



**पन्ना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित टीकाकरण सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से शहर के एक निजी होटल में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें समस्त विकासखंड से नामांकित एएनएम उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के प्रारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने समस्त प्रतिभागियों को पूर्ण मनोयोग से शासकीय दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए। साथ ही शासन की मंशानुसार नियमित टीकाकरण अभियान में शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। प्रशिक्षण में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.के. गुप्ता, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हिमांशु वर्मा सहित डॉ. विवेक गुप्ता, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर पूर्णिमा वर्मा, राशि पाण्डेय, वरूण दुबे, मनीष विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में एएनएम को टीकाकरण के महत्व, टीकाकरण न होने के कारण होने वाली बीमारियों, टीकाकरण के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाने, शीत श्रृंखला का प्रबंधन, टीकाकरण सत्र का प्रबंधन, राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी अनुसार टीकाकरण, टीकाकरण कवरेज बढ़ाने हेतु समुदाय की भागीदारी, सर्विलेंस, टीकाकरण स्थल पर घटने वाली प्रतिकूल घटना का प्रबंधन, सुरिक्षत इंजेक्शन प्रैक्टिस, वेस्ट मटेरियल के प्रबंधन सहित यू-विन पोर्टल पर डाटा एंट्री के विषय में बताया गया। संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण उपरांत प्रायोगिक रूप से भी विषय को समझाया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## युवा दिवस पर होंगे गरिमामय कार्यक्रम

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित युवा दिवस कार्यक्रम में 12 जनवरी को सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ प्राणायाम में भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से 10.15 के मध्य आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश एवं सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं एवं प्राणायाम का प्रसारण किया जाएगा। शिक्षण संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उनके व्यक्तित्व से युवाओं को अवगत कराया जाएगा।

# पुलिस ने अपहृता को सकुशल किया दस्तयाब, परिजनों में खुशी का माहौल

**पन्ना।** दिनांक 24/04/2024 को फरियादी अमसो आदिवासी पिता रामनाथ आदिवासी उम्र 45 साल निवासी गढीपड़रिया का उपस्थित आकर अपनी नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने संबंधी किया, रिपोर्ट पर अपराध क्र. 238/2024 धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस.थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर एवं चौकी प्रभारी ककरहटी को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया, इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री एस.पी.सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी रामहर्ष सोनकर व चौकी प्रभारी ककरहटी उपनिरी रतिराम प्रजापति द्वारा थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया जाकर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा साइबर सेल पन्ना के सहयोग से अपहृता को दिनांक 09/01/2025 को सकुशल दस्तयाब किया गया ।

सराहनीय योगदान में उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी.रामहर्ष सोनकर, चौकी प्रभारी ककरहटी उपनिरी रतिराम प्रजापति, प्रआर भूपेन्द्र त्रिपाठी एवं साइबर सेल पन्ना की सराहनीय भूमिका रही ।

# पन्ना टाइगर रिजर्व मे अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण मध्य प्रदेश में अनुभूति शिवरों का आयोजन किया जा रहा है पन्ना टाइगर रिजर्व के खेरुआ डबरा में आज इसी क्रम में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली छात्र-छत्राओं ने कार्यक्रम में शिरकत की व जंगल का भ्रमण कर जंगल के गुर सीखे। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्य व जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया इसके साथ ही वृक्ष प्रजाति पहचानना परिस्थिति तंत्र एवं जैव श्रृंखला में बाघ की प्रजाति के रूप में महत्व एवं बड़ी बिल्ली प्रजाति जैसे बाघ सिंह तेंदुआ चीता को पहचानना गिद्ध के रहवास स्थल प्रजातियां वन विभाग अधिकारियों की पद पहचान आदि महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई बच्चों को जंगल की पुकार खेल द्वारा अपना स्वयं का जंगल बनाना वन संपदा खेल द्वारा वन औषधीय की पहचान आदि मुख्य आकर्षण गतिविधियां रही अनुभूति शिविर पूरी तरह से नो प्लास्टिक यूज पर आधारित रहा खाने-पीने के लिए दोना पत्तल एवं कागज के कप का उपयोग किया गया इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को अनुभूति थीम आधारित कैप एवं बैग प्रदान किए गए लघु वन उपज को बढ़ावा देने हेतु अनुभूति पुस्तकों एवं प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगरौड़ में हो गया अतिथि शिक्षक मानदेय में घोटाला

## विभाग द्वारा नहीं की गई कोई कार्यवाही

**पन्ना।** रैपुरा जन शिक्षा केंद्र के बगरौड़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीसरी बार अतिथि शिक्षकों से संबंधित घोटाला उजागर हुआ है। जिसमें कई अतिथि शिक्षकों को ज्वाइनिंग तिथि से पूर्व एक, दो माह का वेतन भुगतान किया गया है। इस प्रकार का यह मामला पहला नहीं है, इसके पूर्व भी विद्यालय में अतिथि शिक्षकों के मामले से संबंधित फर्जीवाड़ा सामने आया था, जिसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी तक की गई थी। लेकिन दोषीयों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय के प्राचार्य द्वारा फिर से अतिथि शिक्षक मानदेय वितरण में घोटाला किया गया है। उदाहरण के तौर पर विद्यालय में कैलाश सिंह नामक अतिथि शिक्षक जो कि वर्ग एक में जीव विज्ञान पढ़ाने के लिए अतिथि के तौर पदस्थ किये गये थें। इनकी उपस्थिती तिथि 25 अक्टूबर 2024 है परंतु इनके मानदेय की जानकारी लेने पर दो महिने पूर्व से ही इन्हे मानदेय का भुगतान किया जाना उजागर हुआ है। इसी प्रकार विद्यालय में वर्ग दो में इंग्लिश विषय के अतिथि शिक्षक दीपक कुमार साहू नें 23 अक्टूबर 2024 को विद्यालय में उपस्थिती दी थी, परंतु मानदेय भुगतान की जानकारी ली गई तो उन्हे उन्हे भी बिना काम के पूर्व से दर्शाकर मानदेय का भुगतान किया गया है। इसी तरह विद्यालय में वर्ग दो में संस्कृत पढ़ाने के लिए अतिथि शिक्षक उमेश पटेल की पोर्टल पर उपस्थिती तिथि 22 अक्टूबर 2024 है जबकि उन्हें इसी माह में मात्र 14 दिन अनुपस्थिति दिखाया गया और उन्हें 7677 रुपए का मानदेय भुगतान किया गया है। जबकि उन्होंने नौ दिन ही काम किया है। इस प्रकार विद्यालय में अतिथि शिक्षक रखने के नाम पर व्याप्क फर्जीवाड़ा किया गया है। यह तो मात्र एक विद्यालय का नमुना है, इस प्रकार से जिले के अनेक विद्यालयों अतिथि शिक्षक मानदेय के नाम पर व्याप्क स्तर पर फर्जीवाड़ा हुआ है।

### इनका कहना है

*आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, मामले की जांच कराकर दोषीयों के खिलाफ कार्यवाही करेंगें।*

**रविप्रकाश खरे, जिला शिक्षा अधिकारी, पन्ना**

# विश्रामगंज रेंज मे अनुभूति कार्यक्रम संपन्न

## मनहर कन्या विद्यालय की छात्राए हुई शामिल



**पन्ना।** वन विभाग एवं म. प्र. ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित किए जाने वाले अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन उत्तर वन मंडल की रेंज विश्रामगंज के स्मृति वन में द्वितीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शा. उ. मा. मनहर विद्यालय पन्ना के कक्षा 12 वी के कुल 107 छात्राए और शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। अनुभूति कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में भवानी पटेल एवं प्रेरक के रूप में अर्पित चौरसिया, आशा वर्मा और आदेश चौधरी का मुख्य सहयोग रहा। छात्राओं को कार्यक्रम में वन और वन्य प्राणी की महत्ता और उनके संरक्षण की आवश्यकता हेतु जानकारी प्रदाय की गई, वन में प्रकृति पथ भ्रमण, विभिन्न पेड़ पौधों, वन्यप्राणि की जानकारी से अवगत कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम में उप वन मंडल अधिकारी विश्रामगंज दिनेश सिंह गौर, वन परिक्षेत्र अधिकारी नितिन राजोरिया और विश्रामगंज एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में शिक्षण सामग्री निर्माण हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना के समेकित तत्वधान में गत 08 जनवरी को महाविद्यालय में सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे महाविद्यालय के 110 छात्र एवं शिक्षको ने विभिन्न प्रकार के शिक्षण सामग्रियों के निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त किया, इस कार्यशाला में विशेष रूप से दिव्यांग बच्चो के शिक्षण हेतु सहायक सामग्री का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण में बहुज्ञानेद्रीय उपयोग के आधार पर सामग्रियो का निर्माण हेतु प्रषिक्षण दिया गया, कार्यशाला मे मुख्य प्रशिक्षक सुनील सिंह तोमर, नीलेश, श्रीमति आरती तोमर, आलोक, द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सहायक सामग्री दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य छात्रों द्वारा स्पर्शीय चित्र, मॉडल, फ्लैश कार्ड, एवं स्टोरी कार्ड, राखी, भौगोलिक चित्र, आदि के मॉडल बनाते हुए सहायक सामाग्री कार्यक्रम में सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रतिभा वर्मा, देवेंद्र कुमार, बादल, लालता प्रसाद, स्वाती चौहान, रूपेन्द्र पटेल, पुष्पेन्द्र सिंह, राहुल सिंह सेंगर आदि स्टाफ एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## पुलिस विभाग की टीम सेमी फाईनल में



**पन्ना।** जिला फुटबाल संघ पन्ना के तत्वाधान में नजर बाग स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल मैं मदार टेकरी की टीम तथा पुलिस टीम के बीच मैच खेला गया, जिसमें पुलिस की टीम द्वारा मदार टेकरी की टीम को छह, पांच के गोल से हराकर सेमी फाईन मे प्रवेश किया है। उक्त मैच के दौरान भारी संख्या में दर्शक लोग उपस्थित रहें।

# नौ पंचायत सचिवों को नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत समयावधि में नागरिक सेवाओं के आवेदनों का निराकरण नहीं करने एवं आवेदन समय सीमा बाह्य लंबित होने के कारण 09 पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के माध्यम से तीन दिवस में प्रतिवेदन प्रेषित करने तथा भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई है। सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजीव पटेल ने बताया कि द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गारंटी एवं जिला योजना अधिकारी द्वारा अधिनियम अंतर्गत जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के ऑनलाइन आवेदन पंजीयन व निराकरण की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लंघन तथा पोर्टल पर ऑनलाइन निराकरण न करने पर जनपद पंचायत पवई की ग्राम पंचायत सिंघवारा, जनपद पंचायत पन्ना की ग्राम पंचायत बरहों कुदकपुर, जनपद पंचायत अजयगढ़ की ग्राम पंचायत फरस्वाहा तथा जनपद पंचायत गुनौर की ग्राम पंचायत टौराह, हरद्वाही, करहिया, छपरवारा, गौरा एवं कुलगवां मड़ैयन के सचिव को नोटिस जारी किया गया। उक्त सचिवों के विरूद्ध अधिनियम की धारा 6 के तहत निर्धारित प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा भी गत दिवस साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के विभागवार क्रियान्वयन की समीक्षा कर लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, रविवार 12 जनवरी 2025




उप मुख्यमंत्री ने प्रातः राजनिवास सर्किट हाउस के विस्तार कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने नवीन सर्किट हाउस निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। श्री शुक्ल ने अटल पार्क का भ्रमण किया तथा शहर वासियों से संवाद किया।



## कला और अच्छे संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं

### शिक्षा के साथ कला कौशल होने पर ही व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है : उप मुख्यमंत्री



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गतदिवस कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग के अनुगूंज कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षित होने के साथ-साथ व्यक्ति का संस्कारित होना आवश्यक है। कला और अच्छे संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं। शिक्षा के साथ कला कौशल होने पर ही व्यक्ति का संपूर्ण विकास होता है। कला के बिना हमारा जीवन पूरी तरह से नीरस होगा। शिक्षा विभाग के अनुगूंज कार्यक्रम में विद्यार्थियों के गीत संगीत और नृत्य कला की प्रतिभा को निखरने का अवसर दिया है। शिक्षा विकास की कुंजी है। हर विद्यार्थी को अच्छी शिक्षा से ही अच्छा कैरियर और अच्छा जीवन बनेगा। विद्यार्थियों को सही दिशा देने और नई शिक्षा नीति को प्रभावी रूप से लागू करके देश को विश्व गुरू बनाने का गुरूतर दायित्व शिक्षकों पर है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की राह में भटकने की वजह सही दिशा में विकास के कदम बढ़ाये यदि भावी पीढ़ी नशे की शिकार हो गयी तो हर तरह का विकास निरर्थक हो जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को अनुगूंज कार्यक्रम के लिए बधाई दी। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने नई शिक्षा नीति लागू की है। इसके माध्यम से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तथा रोजगार मूलक शिक्षा के अवसर मिल रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी का निर्माण होगा। युवाओं को शिक्षा, संस्कृति, खेल और कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। कला जीवन की निराशा को दूर कर देती है। समारोह में अतिथियों का स्वागत संयुक्त संचालक शिक्षा के.पी. तिवारी ने किया। संभागीय अनुगूंज कार्यक्रम में रीवा संभाग के सभी जिलों के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, लोकगीत, नाटक आदि की रोचक प्रस्तुति दी। बघेली लोकगीत तथा राई नृत्य ने सबका मनमोहा। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य दीपक वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता, प्राचार्य शिक्षा महाविद्यालय आरएन पटेल, प्राचार्य पीके स्कूल वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, जीपी उपाध्याय, शिवानंद तिवारी, श्यामनारायण शर्मा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## महिला सशक्तिकरण अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण अन्तर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को माह जनवरी की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण कार्यक्रम का आयोजन काला पीपल शाजापुर में किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी में दोपहर एक बजे से आयोजित होगा।

## उप मुख्यमंत्री ने आमजनों से की भेंट

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जनता दर्शन कार्यक्रम में स्थानीय राजनिवास सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट की तथा लोगों की समस्यायें सुनीं। उप मुख्यमंत्री ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

## जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आज

**रीवा।** स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जिले के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक एक के परिसर में आयोजित जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होगे जबकि अतिविशिष्ट अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे तथा अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल करेंगी। विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी तथा विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

कार्यक्रम में विद्यार्थी प्रातः 8.40 बजे तक उपस्थित हो जाएंगे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रातः 8.50 बजे होगा। प्रातः 9 बजे वंदे मातरम का सामूहिक रूप से गायन किया जाएगा। आकाशवाणी के माध्यम से राज्य स्तरीय समारोह का प्रसारण कार्यक्रम में किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अनुरूप सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि का प्रातः 10.30 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा। प्रातः 10.45 बजे समारोह का समापन होगा।

## युवा दिवस पर आयोजित होगा नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**रीवा।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में युवा दिवस 12 जनवरी को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से 100 होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल होकर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के माध्यम से आमजनता को होम्योपैथिक पद्धति से उपचार करने तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में होम्योपैथी के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों और विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## विश्वविद्यालय के विधि के छात्रों का जीवन दांव पर



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह वि.वि.में संचालित विधि भवन में बी.ए. एल.एल.बी के छात्रों का जीवन दांव में लगा जिसका पूर्ण जिम्मेदार वि.वि.प्रशासन है। 2007 से बी.ए.एल.एल.बी.की मान्यता का नवीनीकरण नहीं हुआ है जिसका लगभग वार काउसिल ऑफ इण्डिया का 31 लाख रुपये मान्यता नवीनीकरण का बकाया है जिसका असर अब ये हो रहा है कि वि.वि.में लॉ की शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वकालत का पंजीयन नहीं करवा सकते साथ ही पूरे भारत में निकल रही जज की पोस्ट में फार्म नहीं भर सकते है उक्त आशय के आरोप छात्र नेता अम्बुज पाण्डेय ने वि.वि.प्रशासन पर लगाये हैं। उन्होने कहा कि विधि के छात्रों एवं उनके परिजनों को वि.वि.के विरुद्ध आबाज उठाना पड़ रहा है क्योकि 5 वर्ष की पढाई एवं कई लाख फीस जमा करने के बाद उनकी सारी डिग्री कचड़े के डब्बे में फेकने लायक हो गई है। छात्रों के भविष्य को लेकर छात्र नेता अम्बुज पाण्डेय के नेतृत्व में सोमवार को वि.वि.का घेराव किया जायेगा जिसमें वो सारे छात्र जो वर्ष 2007 के बाद उत्तीर्ण हुए है सम्मिलित होगें।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

**रीवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को किया गया है। परीक्षा रीवा और मऊगंज जिलों के ब्लॉक मुख्यालयों में 20 परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा प्रातः 10 बजे से आरंभ होगी। प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि अभ्यर्थी को अपने प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, एक नीला या काला बाल प्वांइट पेन तथा रायटिंग पैड साथ में लेकर आना होगा। प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट सीबीएसईआई टीईएमएस डॉट एनआईसी डॉट इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## गोलपार्क में रीवा शहर का दिल धड़कता है : शुक्ल

**रीवा।**









गोलपार्क में व्यापारी संघ द्वारा आयोजित नववर्ष मिलन समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गोलपार्क में रीवा शहर का दिल धड़कता है। गोलपार्क वासियों की आत्मीयता और प्रेम अद्भुत है। नया वर्ष रीवा शहर ही नहीं पूरे प्रदेश और देश के लिए मंगलमय् हो। रीवा शहर 2025 के अंत तक विकास की नई ऊचांईयाँ छूते हुए महानगर का रूप लेगा। रीवा में व्यापार, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा का सर्वाधिक लाभ रीवा के लोगों ने उठाया है। यह रीवा की आमजनता की जागरूकता का प्रमाण है। समारोह में बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल हैं मैं सभी का अभिनंदन करता हूं। आप सबने मिलकर कोविड के संकटकाल में घर-घर जाकर दवाये, भोजन और हर तरह की सुविधायें पीडितों को दी हैं। यह हमारी रीवा की मेलमिलाव सेवा की अनूंठी परंपरा रही है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में पचमठा में रिवर फ्रंट के निर्माण और मंदिरों के विकास के साथ बीहर नदी की आरती का क्रम शुरू हुआ है जिसका आज एक वर्ष पूरा हो रहा है। बीहर नदी और नहरों के माध्यम से विन्ध्य की धरती पर सोन नदी का अमृत जल पहुंचा है इसने किसानों की गरीबों को मिटाकर समृद्धि का वरदान दिया है। इससे रीवा का व्यापार भी तेजी से बढ़ा है। उप मुख्यमंत्री ने पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्ता को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए सतायु होने की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने केक खिलाकर श्री गुप्ता का मुहं मीठा कराया। समारोह में अतिथियों का स्वागत मनोज चड्ढा ने किया। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार, समाजसेवी प्रहलाद सिंह, कमलेश सचदेवा, सुभाष श्रीवास्तव, आशीष काकवानी, पार्षद समीर शुक्ला, पार्षद अम्बुज रजक, सुबोध पाण्डेय, श्रीमती हेमलता सिंह, शिवम तथा बड़ी संख्या में व्यापारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## व्यक्तिगत प्रगति के साथ समाज-कल्याण में भी युवा निभायें अपनी भूमिका: उप मुख्यमंत्री

### राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएँ दी

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार और उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत है। उनका यह ऐतिहासिक कथन कि 21वीं सदी भारत की होगी, आज के समय में प्रासंगिक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। इस सपने को साकार करने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी क्षमताओं और ऊर्जा का उपयोग केवल व्यक्तिगत प्रगति के लिए ही नहीं, बल्कि समाज, राज्य और देश के कल्याण के लिए करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रदेश और देश के युवाओं को शुभकामना दी है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय युवाओं के लिए अनगिनत अवसरों से भरा है। शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में काम करते हुए युवा भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति का सही दिशा में उपयोग ही भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनाएगा। स्वामी विवेकानंद के विचार न केवल युवाओं को सशक्त बनाते हैं, बल्कि हमें समाज और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का भी एहसास कराते हैं। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि वे केवल अपने सपनों को पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सहायता के लिए भी अपनी भूमिका निभाएँ।

## वनस्थली विद्यालय के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए: शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वनस्थली विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा को कला के माध्यम से समृद्ध बनाना चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें ताकि वह अपने जीवन में आगे बढ़े व देश विदेश में नाम रोशन करें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में शासकीय व अशासकीय संस्थान शिक्षा व स्वास्थ्य के माध्यम से विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने वनस्थली विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में स्थानीयजन, विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थियों के परिजन तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने शहर के विकास कार्यों की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों के साथ ही आगामी समय में पुर्नधनत्वीकरण योजना से कराये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में शहर में बनायी जाने वाली मल्टी लेवल पार्किंग, कोठी कम्पाउंड में महिला हाट निर्माण, जनपद पंचायत कार्यालय निर्माण, इंजीनियरिंग कालेज में क्वार्टस निर्माण, तथा मनगवां के मलकपुर तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य की कार्ययोजना की जानकारी उप मुख्यमंत्री ने ली। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मंडी सड़क निर्माण, एसडीएम कार्यालय तथा सर्किट हाउस एवं पीडब्लूडी भवन निर्माण सहित निर्माणाधीन समस्त कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनणडे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, कार्यपालन यंत्री अनुज सिंह, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने बीहर नदी में निर्मित निषादराज घाट का किया लोकार्पण

### विक्रम पुल से निपनिया पुल तक 268.05 लाख रूपये से निर्मित घाट का हुआ लोकार्पण





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बीहर नदी में 268.05 लाख रूपये से 970 मीटर लम्बाई के विक्रम पुल से निपनिया पुल तक बनाये गये निषादराज घाट का लोकार्पण किया। उन्होंने पचमठा सड़क को भी लोकार्पित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में अधोसंरचना विकास के साथ ही नदी एवं तालाब सौन्दर्गीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। निषादराज घाट के बन जाने से नदी का सौन्दर्य और भी बढ़ गया है।

पचमठा मार्ग के चौड़े हो जाने से आवागमन में सुगमता हो गयी है। यह सड़क रिवर फ्रंट की एपरोच रोड़ है इस लिए इसका चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ट्रांसपोटर्स के लिए पार्किंग की व्यवस्था हेतु ट्रांसपोर्ट नगर में स्थल आवंटित किया जायेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, विमलेश मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव सहित गणमान्य जन व अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षित एवं संस्कारवान बनकर भारत को विश्वगुरू बनाने में अपनी सहभागिता निभायें : शुक्ल

### उप मुख्यमंत्री ने माडल स्कूल के नवनिर्मित आडिटोरियम का किया लोकार्पण

रीवा



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शिक्षित एवं संस्कारवान बनकर भारत को विश्वगुरू बनाने में अपनी सहभागिता निभायें। हम विश्व को परिवार मानते हैं और हम में विश्वगुरू बनने की सामर्थ है अतः सभी के समन्वित प्रयास से ही भारत विश्वगुरू का स्थान प्राप्त करेगा। श्री शुक्ल ने माडल स्कूल रीवा में 709 लाख रूपये से निर्मित आडिटोरियम एवं परिसर के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित माडल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आडिटोरियम विद्यालय के लिये सौगात है। इस विद्यालय की प्रतिष्ठा पहले से ही रही है। यहां प्रवेश पाने वाले छात्र सौभाग्यशाली हैं। शिक्षकों के समर्पण एवं निष्ठा से यहां के छात्र संस्कारित हैं। उन्होंने शिक्षकों का आहवान किया कि विद्यार्थियों में मानवीय गुण विकसित करें। क्योंकि बिना संवेदनशीलता व मानवीय गुणों एवं संस्कारों के जीवन अधूरा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने संस्कार व संस्कृति को न भूलें तथा नशे की प्रवृत्ति से दूर रहें एवं नशा छोड़ने के लिये लोगों को जागरूक करें। उप मुख्यमंत्री ने आडिटोरियम में साउंड सिस्टम की स्थापना तथा कुर्सी लगाये जाने हेतु इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने माडल स्कूल ग्राउंड में मिनी स्टेडियम निर्माण का भी इस्टीमेट बनाने की बात कही।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अर्चना पाण्डेय ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के संघर्ष व कर्तव्य निष्ठा का विद्यार्थी अनुसरण करें। श्री शुक्ल इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। विद्यालय मंदिर की तरह पूज्य होता है। विद्यार्थियों का मनोविज्ञान, व्यक्तित्व, गुण एवं जीवन विकास विद्यालय में ही आकार लेता है। तकनीकी प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री पीआईयू केके तिवारी के प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि आडिटोरियम सहित प्राचार्य कक्ष, स्टाफ कक्ष, लायब्रोरी, सहित ई एवं एफ टाइप क्वार्टस, प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण कराया गया है। आडिटोरियम की बैठक क्षमता 500 की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्राचार्य महेश तिवारी, पूर्व प्राचार्य पंकज शर्मा, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप गौतम सुमन सहित पार्षदगण, शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833